# LIST OF STARRED QUESTIONS
# 29.03.2022

41. Shri Mohinder Goyal — Social Welfare

Will the Hon'ble Minister of Social Welfare be pleased to state:

a) Whether it is a fact that for the past nearly four years applications for old age pension have not been accepted;
b) If yes, the reasons thereof;
c) Whether the department has any proposal to receive such applications;
d) The agency responsible for maintenance of the Social Welfare Department's office in Rithala AC; and
e) The details and cost of repair and maintenance works carried out in this building during the past seven years?

42. Shri Mukesh Ahlawat — Health

Will the Hon'ble Minister of Health be pleased to state:

a) Whether it is a fact that the services of Staff Nurses and para medical staff are being utilized for clerical/academic and administrative works in the Baba Sahab Ambedkar Hospital and Baba Sahab Ambedkar Medical College Rohini;
b) The monthly gross salary details of the staff nurses and para medical staff who are engaged in such clerical/academic and administrative works;
c) The details of the salary of a staff nurse and Junior Secretariat Assistant(JSA) at the time of initial appointment;
d) Why are the staff nurses (Level 8) being made to do clerical work (Level 2) in spite of paying them higher salary;
e) The reasons for utilizing the services of skilled workers for unskilled work;
f) Why are employees who are drawing salary equivalent to clerical staff not being engaged for clerical/Academic and administrative work;
g) What steps are being taken to stop this practice which is causing financial loss to the government besides being a misutilization of staff; and
h) Whether any action is proposed against the Medical Superintendent or other officers in this regard?

43. Smt. Bandana Kumari Transport

Will the Hon'ble Minister of Transport be pleased to state:

a) Whether it is a fact that the bus drivers are not maintaining traffic discipline like lane driving, stopping at designated bus stops etc., thereby causing traffic jams and other problems to the public;

b) Action being taken to ensure that the bus drivers follow the traffic rules properly;

c) Steps being taken to ensure that the public is informed about the status of running of bus, bus routes, timing etc which is not available at present;

d) Whether it is a fact that vide letter dated 10.01.2022 in response to my letter dated 30.12.2021, it was informed that DDA land was available for bus terminal in Shalimar Bagh AC;

e) Details of follow up action taken in this regard; and

f) Details of EV charging stations proposed in the Shalimar Bagh AC?

44. Shri Praveen Kumar Home

Will the Hon'ble Minister of Home be pleased to state:

a) Steps being taken to prevent incidents of crime such as firing, drugs etc. in the Jangpura AC;
b) Whether it is a fact that in the matter of FIR No.0129/0130//0131-2018 of EOW, the Hon'ble High Court had directed that the investigation should be completed within 8 weeks;
c) Whether some papers were to be sent to FSL for report in this matter;
d) If so,, the action taken in this regard?

45. Shri Ajay Dutt Industries

Will the Hon'ble Minister of Industries be pleased to state:

a) Details of Industrial Areas falling under the Ambedkar Nagar AC along with the details of the activities for which these Industrial Areas were set up;
b) Details of the Industrial Sheds in the Ambedkar Nagar AC; and
c) Details of the persons to whom it has been allotted and for the purpose for which these were allotted?

46. Shri Prakash Jarwal Industries

Will the Hon'ble Minister of Industries be pleased to state:

a) Details of the projects sanctioned/work orders issued by DSIIDC since 2017 in Deoli AC;
b) Order wise details of payments released against the work orders issued by DSIIDC since 2017 in Deoli AC;
c) Details of ongoing projects of DSIIDC in Deoli AC; and
d) Details of proposed projects of DSIIDC in Deoli AC?

47. Shri Anil Bajpai Social Welfare

Will the Hon'ble Minister of Social Welfare be pleased to state:

a) Constituency wise details of the beneficiaries who are receiving Old Age Pension, Disability Pension and Widow Pension in Delhi ; and
b) Constituency wise details of pensions which were stopped by the Social Welfare Department?

48. Shri Jitender Mahajan — Health

Will the Hon'ble Minister of Health be pleased to state:

a) Number of patients who died after Stents were implanted in CCU of Rajiv Gandhi Hospital during the past two years;
b) The procedure adopted for purchase of Stents;
c) The number of patients who were received Stent implants free of cost and the criteria on the basis of which free stents are implanted and procedure thereof;
d) Whether any Enquiry Committee had been constituted to enquire about the deaths in CCU of Rajiv Gandhi Hospital;
e) If yes, the details of the Report;
f) Whether it is a fact that as per a RTI reply during second wave of corona 1548 patients were admitted in Rajiv Gandhi Hospital out of which 556 succumbed during the treatment, 886 were discharged and no information was available about 96 patients;
g) If yes the details of the action taken in this regard;
h) Whether it is also a fact that 44% of patients died in GTB Hospital and records of 997 patients were not available;
i) If yes the details of the action taken in this regard; and
j) Whether it is proposed to make the daily health bulletin more transparent by giving details of the hospital wise covid patients also besides the total number of patients?

49. Shri Naresh Balyan — Central Jail

Will the Hon'ble Minister of Home be pleased to state:

a) Whether it is a fact that Cameras, Jammer and Body Scanner are proposed to be installed in the Jails;
b) If yes the details of the quantity and location where these are installed till date;
c) Whether there is any proposal to increase the number of these equipment; and
d) If yes the details thereof?

50. Shri Shiv Charan Goel — Land & Building

Will the Hon'ble Deputy Chief Minister be pleased to state:

a) Whether it is a fact that vast land belonging to DDA is lying vacant near Reshma Camp 2/22 opposite WHS Timber Market, Kirti Nagar;
b) If yes the area of this land;
c) Whether there is any proposal to utilize this land for construction of any project; and
d) If yes, the details thereof?

51. Shri Vishesh Ravi — Transport

Will the Hon'ble Minister of Transport be pleased to state:

a) Whether there is any bus service between Karol Bagh and IGI Terminal; and
b) If yes, the list of the buses alongwith their plying frequency?

52. Shri Somnath Bharti — Health

Will the Hon'ble Minister of Health be pleased to state:

a) Details of functioning and proposed mohalla clinics in Malviya Nagar AC along with details of the laboratory tests availed in these clinics since they became operational;
b) Preparatory steps taken to ensure adequate supply of oxygen in Delhi Hospitals;
c) Details of quarantine period prescribed for a corona positive patient along with relevant documents;
d) Action taken on my request to issue Disability Certificates from Pandit Madan Mohan Malviya Hospital to the whole of Malviya Nagar AC instead of restricting it to the areas mapped to a particular hospital; and
e) Action taken on my request to upgrade the PtMadan Mohan Malviya Hospital to a full fledged hospital in all respects?

53. Shri Surendra Kumar Health

Will the Hon'ble Minister of Health be pleased to state:

a) Details of mohalla clinics proposed to be constructed in AC-68 Gokalpur;
b) Details of existing mohalla clinics in AC – 68 Gokalpur and their locations;
c) Whether there is any proposal to open new polyclinics in AC-68 Gokalpur in view of the problems faced by the public; and
d) If yes, the details thereof?

54. Shri Raaj Kumar Anand Social Welfare

Will the Hon'ble Minister of Social Welfare be pleased to state:

a) By when the Financial Assistance Scheme for Old Age persons be launched by the government again
b) The details of the number of applicants proposed per assembly constituency; and
c) Whether there is any special proposal for those Assembly Constituencies where there is a larger number of EWS-BPL population?

55. Shri Ramvir Singh Bidhuri Health

Will the Hon'ble Minister of Health be pleased to state:

a) Details of the number of patients who died in Rajiv Gandhi Super Specialty Hospital after implant of Stents;
b) Whether it is a fact that the health services in this hospital was stopped for some time as a result of these deaths;
c) If yes, the number of days for which the services were stopped;
d) Whether any Enquiry Committee was formed to investigate these deaths
e) If yes, the details of the Report and the deficiencies pointed out by the Committee;
f) Steps being taken to overcome these deficiencies?

56. Shri Jarnail Singh — Health

Will the Hon'ble Minister of Health be pleased to state:

a) The number of Aam Aadmi Polyclinics functional in delhi;
b) The number of Aam Aadmi Polyclinics proposed to be opened in 2021-2022;
c) Details of the locations of these proposed polyclinics;
d) The criteria for determining the requirement of Aam Aadmi Polyclinics in any Assembly constituency or Municipal wards;
e) Details of the illness for which a patient can get treatment in these Polyclines; and
f) Details of the health services available in these Polyclinics?

57. Shri Saurabh Bharadwaj — Power

Will the Hon'ble Minister of Power be pleased to state:

a) The list of all addresses that have been booked by SDMC for violation of building bye laws etc and communicated to BSES for the time period 01 Jan 2016 to 28 Feb 2022;
b) The list of all addresses where the buildings has been sealed by SDMC and BSES has been communicated to disconnect electricity for the period 01 Jan 2016 to 28 Feb 2022;
c) The current status of electricity connections of all the above mentioned addresses;
d) Whether it is a fact that connections have been provided to some of the above addresses by making minor changes in the original addresses (For example H.No. 530 is booked but connection is shown as given to H.No 530A or 530/2);
e) List of all addresses who have been denied electricity connection due to height of the buildings by BSES across Delhi for the period 01 Jan 2016 to 28 Feb 2022;
f) Details of the present status of connections in the above mentioned addresses;
g) Details of all complaints received by BSES regarding bribery and corruption for the period 01 Jan 2016 to 28 Feb 2022 along with the copies of the complaints;
h) Details of the action taken on the above complaints; and
i) Details of the employees against whom action have been taken for bribery or corruption for the period 01 Jan 2016 to 28 Feb 2022?

58. Shri Som Dutt Health

Will the Hon'ble Minister of Health be pleased to state:

a) Whether it is a fact that the cash less health facility provided to retired employees of the Delhi government has been stopped on the directions of the Delhi Government;
b) If yes, the reasons thereof;
c) If not, the reasons for the empanelled hospitals denying cash less facilities to the pensioners of Delhi Government;
d) Action taken or proposed to be taken against the Hospitals which are denying to extend cash less facilities;
e) By when will the cash less facility be again started for the retired employees;
f) Steps being taken to improve the health facilities for the Delhi government employees and pensioners;
g) Whether it is a fact that proper treatment is not being extended to employees of the Delhi Government by these empanelled hospitals even in case of emergencies; and
h) Details of the steps being taken to ensure that the empanelled hospitals strictly adhere to the guidelines issued by the Government from time to time?

59. Ms. Bhawna Gaur Power

Will the Hon'ble Minister of Power be pleased to state:

a) Whether there is any proposal to remove the High Tension wires from the unauthorized colonies of MadhuVihar, Rajapuri and Vishwas Park in Palam AC;
b) If yes, the time by when this work will commence;
c) Whether there is any proposal to remove the cable TV, internet, broadband and telephone cables from the electricity poles and laying them underground ;
d) If yes, the steps taken in this regard; and
e) If not the reasons thereof?

60. Smt. Rajkumari Dhillon Health

Will the Hon'ble Minister of Health be pleased to state:

a) Whether it is a fact that a Resolution has been passed to open a Medical College in the Deen Dayal Upadhyaya Hospital;
b) If yes, by when will this work commence;
c) Whether any steps are proposed to be taken to repair and renovate the DDU Hospital buildings which are in a very poor condition;
d) If not, the reasons;
e) Whether there is any proposal to increase the capacity of beds in this hospital;
f) If yes, the details thereof; and
g) If not, the reasons for the same?

**RAJ KUMAR**
**SECRETARY**

# दिल्ली विधान सभा
# तारांकित प्रश्नों की सूची
# 29 मार्च, 2022

**41. श्री मोहिंदर गोयल** **समाज कल्याण**

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि पिछले लगभग चार वर्षों से वृद्धावस्था पेंशन के आवेदन स्वीकार नहीं किए गए हैं;

ख) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं;

ग) क्या विभाग के पास ऐसे आवेदनों को स्वीकार किए जाने हेतु कोई प्रस्ताव है;

घ) रिठाला विधानसभा क्षेत्र में समाज कल्याण कार्यालय के रख–रखाव के लिए उत्तरदायी एजेंसी का नाम; और

ङ) उक्त भवन में विगत सात वर्षों के दौरान मरम्मत और रख–रखाव पर आए खर्च का विवरण?

**42. श्री मुकेश अहलावत** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि बाबा साहब अंबेडकर अस्पताल व बाबा साहब अंबेडकर मेडीकल कॉलेज, रोहिणी में स्टाफ नर्स और पैरा मैडीकल स्टाफ की सेवाओं का उपयोग क्लेरिकल/एकैडमिक व प्रशासनिक कार्यो के लिए किया जा रहा है;

ख) इस प्रकार की क्लेरिकल, एकैडमिक व प्रशासनिक सेवाएँ में लगाए गए स्टाफ नर्स व पैरा मैडीकल स्टाफ को दिए जाने वाले मासिक वेतन का विवरण;

ग) आरंभिक नियुक्ति के समय स्टाफ नर्स व कनिष्ठ सचिवालय सहायक (जेएसए) के वेतन का विवरण;

घ) स्टाफ नर्स (स्तर–8) से क्लेरिकल कार्य (स्तर 2) क्यों कराया जा रहा है, जबकि उन्हें अधिक वेतन दिया जाता है;

ङ) कुशल कर्मचारियों से अकुशल कर्मचारियों की सेवाएँ लिए जाने के कारण;

च) जिन कर्मचारियों को क्लेरिकल स्टाफ के बराबर वेतन दिया जाता है उन्हें क्लेरिकल/एकैडमिक व प्रशासनिक कार्यों में क्यों नहीं लगाया जाता;

छ) इस प्रथा को रोकने का के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं जिससे सरकार को वित्तीय घाटा भी होता है और स्टाफ का दुरुपयोग भी होता है; और

ज) क्या इस संबंध में चिकित्सा अधीक्षक अथवा अन्य अधिकारियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई प्रस्तावित है?

**43. श्रीमती बंदना कुमारी** **परिवहन**

क्या माननीय परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि बस चालक लेन ड्राइविंग, निर्धारित बस स्टॉप पर रोकना आदि जैसे यातायात संबंधी अनुशासन का पालन नहीं करते हैं, जिससे जनता को ट्रैफिक जाम व अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है;

ख) बस चालक नियमों का ठीक से पालन करें, इसके लिए क्या कार्रवाई की जा रही है;

ग) जनता को बसों के परिचालन, बस रूटों, उनकी समय–सारिणी आदि से अवगत कराने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे है, जो अभी तक उपलब्ध नहीं है;

घ) क्या यह सत्य है कि मेरे पत्र दिनांक 30.12.2021 के उत्तर में पत्र दिनांक 10.1.2022 के द्वारा यह सूचित किया गया था कि शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में बस टर्मिनल बनाने के लिए दिविप्रा की भूमि उपलब्ध है;

ङ) इस संबंध में आगे और की गई कार्रवाई का विवरण; और

च) शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में 'ईवी चार्जिंग स्टेशनों' का विवरण?

**44. श्री प्रवीण कुमार** **गृह**

क्या माननीय गृह मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र में अपराधों, जैसे फायरिंग, ड्रग्स आदि को रोकने के लिए उठाए जाने वाले कदम;

ख) क्या यह सत्य है कि एफआईआर संख्या 0129/0130/0131–2018 ऑफ ईओडब्ल्यू के मामले में माननीय उच्च न्यायालय ने निर्देश दिया है कि जाँच आठ सप्ताह के अंदर पूरी कर ली जानी चाहिए;

ग) क्या इस मामले में कुछ पेपर्स एफएसएल को भेजे जाने थे; और

ग) यदि हाँ, तो इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

**45. श्री अजय दत्त** **उद्योग**

क्या माननीय उद्योग मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) अंबेडकर नगर विधानसभा क्षेत्र में पड़ने वाले औद्योगिक क्षेत्र का विवरण तथा जिन कार्यों के लिए इस औद्योगिक क्षेत्र को बनाया गया था, उनका विवरण;

ख) अंबेडकर विधानसभा क्षेत्र में 'इंडस्ट्रियल शेड्स' की कुल संख्या, और

ग) जिन व्यक्तियों को ये शेड्स आवंटित किए गए थे और जिस उद्देश्य से आवंटित किए गए थे, उनका विवरण?

**46. श्री प्रकाश जारवाल** **उद्योग**

क्या माननीय उद्योग मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) वर्ष 2017 से देवली विधानसभा क्षेत्र में डीएसआईआईडीसी द्वारा जिन परियोजनाओं के लिए अनुमति दी गई/वर्क ऑर्डर जारी किए गए, उनका विवरण;

ख) वर्ष 2017 से देवली विधानसभा में डीएसआईआईडीसी द्वारा जारी वर्क ऑर्डस के लिए जारी किए गए भुगतान का आदेशवार विवरण;

ग) देवली विधानसभा क्षेत्र में डीएसआईआईडीसी की चल रही परियोजनाओं का विवरण; और

घ) देवली विधानसभा में डीएसआईआईडीसी की प्रस्तावित परियोजनाओं का विवरण?

47. **श्री अनिल बाजपेयी** **समाज कल्याण**

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली में वृद्धावस्था पेंशन, विकलांगता पेंशन व विधवा पेंशन के लाभार्थियों का विधानसभा क्षेत्रवार विवरण; और

ख) समाज कल्याण विभाग द्वारा जिनकी पेंशन रोक दी गई है, उन सबका विधानसभा क्षेत्रवार विवरण?

**48. श्री जितेंद्र महाजन** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) ऐसे रोगियों की संख्या जिनकी विगत दो वर्षों में राजीव गांधी अस्पताल के सीसीयू में स्टेंट डालने के बाद मृत्यु हो गई है;

ख) स्टेंट्स खरीदने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया;

ग) जिन रोगियों को निःशुल्क स्टेंट डाला गया, उनकी संख्या और निःशुल्क स्टेंट डाले जाने की पात्रता हेतु मानदंड और प्रक्रिया;

घ) क्या राजीव गांधी अस्पताल के सीसीयू में हुई मौतों के लिए कोई जाँच समिति गठित की गई है;

ङ) यदि हाँ, तो उसकी रिपोर्ट का विवरण;

च) क्या यह सत्य है कि एक आरटीआई के उत्तर के अनुसार कोरोना की दूसरी लहर के दौरान राजीव गांधी अस्पताल में 1548 रोगियों को भर्ती कराया गया जिसमें से 556 की मृत्यु इलाज के दौरान हो गई और 886 को छुट्टी दे दी गई, 96 के बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है;

छ) यदि हाँ, तो इस संबंध में की गई कार्रवाई का विवरण;

ज) क्या यह भी सत्य है कि जीटीबी अस्पताल में 44 प्रतिशत रोगियों की मृत्यु हुई है और 997 रोगियों की कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है;

झ) यदि हाँ, तो इस संबंध में की गई कार्रवाई का विवरण; और

ञ) क्या दैनिक स्वास्थ्य बुलेटिन का अस्पतालवार रोगियों की कुल संख्या के साथ–साथ कोविड मरीजों की संख्या की जानकारी देकर और अधिक पारदर्शी बनाए जाने का कोई प्रस्ताव है?

**49. श्री नरेश बालियान** **केंद्रीय कारागार**

क्या माननीय गृहमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि जेलों में कैमरे, जैमर व बॉडी स्कैनर लगाए जाने का प्रस्ताव है;

ख) यदि हाँ, तो अभी तक इनकी संख्या और इनको लगाए जाने के स्थानों का विवरण;

ग) क्या इन उपकरणों में वृद्धि किए जाने का कोई प्रस्ताव है; और

घ) यदि हाँ, तो उसका विवरण?

**50. श्री शिवचरण गोयल** **भूमि एवं भवन**

क्या माननीय उप मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि दिविप्रा की काफी भूमि रेश्मा कैंप 2/22 के सामने, डब्ल्यूएचएस टिंबर मार्केट, कीर्तिनगर में खाली पड़ी हुई है;

ख) यदि हाँ, तो इस भूमि का कुल क्षेत्रफल;

ग) क्या किसी परियोजना के निर्माण हेतु इस भूमि के उपयोग का कोई प्रस्ताव है; और

घ) यदि हाँ, तो उसका विवरण?

**51. श्री विशेष रवि** **परिवहन**

क्या माननीय परिवहन मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या करोल बाग और आईजीआई टर्मिनल के बीच कोई बस सेवा उपलब्ध है; और

ख) यदि हाँ, तो बसों की सूची और इनके चलने की आवृति (playing frequency) का विवरण?

**52. श्री सोमनाथ भारती** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) विधानसभा क्षेत्र एसी–43 में प्रस्तावित तथा कार्यरत मोहल्ला क्लीनिकों की सूची तथा जबसे वे क्रियाशील रहे हैं, तबसे उनमें उपलब्ध लैब–टैस्टों का विवरण;

ख) दिल्ली के अस्पतालों में ऑक्सीजन की उपयुक्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उठाए जा रहे कदम;

ग) वर्तमान में कोरोना के रोगियों के लिए 'क्वैरंटाइन अवधि' क्या है, संबंधित दस्तावेज प्रदान करें;

घ) क्षेत्रीय सीमा से हटकर संपूर्ण एसी–43 के संबंध में पंडित मदन मोहन मालवीय अस्पताल से विकलांगता प्रमाणपत्र जारी करने के संबंध में किए गए मेरे अनुरोध पर की गई कार्रवाई; और

ङ) पंडित मदन मोहन मालवीय अस्पताल का एक संपूर्ण अस्पताल के रूप में उन्नयन किए जाने के संबंध में मेरे अनुरोध पर मौजूदा स्थिति क्या है;?

**53. श्री सुरेंद्र कुमार** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) एसी–68, गोकलपुर, में प्रस्तावित मोहल्ला क्लीनिकों का विवरण;

ख) एसी–68, गोकलपुर में मौजूदा मोहल्ला क्लीनिकों का विवरण व उनके स्थान;

ग) जनता को हो रही कठिनाइयों को देखते हुए क्या एसी–68, गोकलपुर में कोई नए पॉलीक्लीनिक खोलने का कोई प्रस्ताव है; और

घ) यदि हाँ, तो उसका विवरण?

**54. श्री राजकुमार आनंद** **समाज कल्याण**

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) सरकार द्वारा वृद्ध व्यक्तियों के लिए आर्थिक सहायता योजना पुनः कब से आरंभ की जाएगी;

ख) इस हेतु प्रति विधानसभा क्षेत्र के अनुसार आवेदनों की कितनी संख्या प्रस्तावित है; और

ग) जिन विधानसभा क्षेत्रों में ईडब्ल्यूएस–बीपीएल जनसंख्या काफी अधिक है, क्या उनके लिए किसी विशेष प्रावधानों का प्रस्ताव है?

**55. श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) राजीव गांधी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में स्टेंट डालने के बाद जिन रोगियों की मृत्यु हुई उनका विवरण;

ख) क्या यह सत्य है कि इन मौतों के कारण इस अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया था;

ग) यदि हाँ, तो कितने दिनों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को बंद किया गया था;

घ) क्या इन मौतों की जाँच के लिए किसी जाँच समिति का गठन किया गया था;

ङ) यदि हाँ, तो उसकी रिपोर्ट व समिति द्वारा बताई गई कमियों का विवरण; और

च) इन कमियों को दूर किए जाने हेतु उठाए जाने वाले कदमों का ब्यौरा?

**56. श्री जरनैल सिंह** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली में कितने आम आदमी पॉलीक्लीनिक कार्यरत हैं;

ख) वर्ष 2021–2022 की अवधि के दौरान कितने आम आदमी पॉलीक्लीनिक खोले जाने प्रस्ताव हैं;

ग) इन प्रस्तावित पॉलीक्लीनिकों के खोले जाने के स्थानों का ब्यौरा;

घ) किसी भी विधानसभा क्षेत्र अथवा म्युनिसिपल वार्ड में आम आदमी पॉलीक्लीनिक खोलने की संख्या का निर्धारण किस आधार पर किया जाता है;

ङ) बीमारियों का विवरण, जिनके उपचार हेतु कोई रोगी इन पॉलीक्लीनिकों में जा सकता है; और

च) इन पॉलीक्लीनिकों में मरीजों के लिए उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का विवरण?

**57. श्री सौरभ भारद्वाज** **ऊर्जा**

क्या माननीय ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिनांक 1.1.2016 से 28.2.2022 तक की अवधि के लिए दक्षिण दिल्ली नगर निगम द्वारा भवन नियमों का उल्लंघन करने के लिए जिनके विरुद्ध मामला दर्ज किया गया और बीएसईएस को सूचित किया गया, उन सबकी सूची उपलब्ध कराएँ,

ख) दिनांक 1.1.2016 से 28.2.2022 तक की अवधि के लिए उन सभी की सूची उपलब्ध कराएँ जहाँ पर भवन को एसडीएमसी द्वारा सील कर दिया गया और बीएसईएस को बिजली काटने हेतु कह दिया गया है;

ग) उक्त सभी पतों के बिजली कनेक्शन की मौजूदा स्थिति से अवगत कराएँ;

घ) क्या यह सत्य है कि उक्त पतों पर मूल पते में मामूली परिवर्तन करके बिजली के कनेक्शन प्रदान कर दिए गए हैं, (उदाहरणार्थ एसडीएमसी ने मकान नंबर 530 को बुक किया जबकि बीएसईएस ने 530 ए या 530 बी को कनेक्शन दे दिया);

ङ) दिनांक 1.1.2016 से 28.2.2022 की अवधि के लिए पूरी दिल्ली में ऐसे सभी पतों की सूची उपलब्ध कराएँ जहाँ बीएसईएस ने भवन की ऊँचाई के कारण कनेक्शन प्रदान करने से मना कर दिया हो;

च) उक्त पतो ंके संबंध में बिजली कनेक्शन की मौजूदा स्थिति से अवगत कराएँ;

छ) दिनांक 1.1.2016 से 28.2.2022 की अवधि के दौरान बीएसईएस द्वारा प्राप्त रिश्वत व भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों का विवरण, शिकायतों की प्रतियों सहित, उपलब्ध कराएँ;

ज) इन शिकायतों पर की गई कार्यवाही का विवरण; और

झ) दिनांक 1.1.2016 से 28.2.2022 तक की अवधि के लिए जिन कर्मचारियों के विरुद्ध रिश्वत अथवा भ्रष्टाचार के संबंध में कार्रवाई की गई है, उनका विवरण?

**58. श्री सोम दत्त** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली सरकार के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को प्रदान की जाने वाली 'कैशलेस' स्वास्थ्य सेवाओं को दिल्ली सरकार के निर्देश पर बंद कर दिया गया है;

ख) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं;

ग) यदि नहीं, तो पैनल के अस्पतालों द्वारा पेंशनधारकों को 'कैशलेस' सुविधा देने से इनकार करने के क्या कारण हैं;

घ) जो अस्पताल 'कैशलेस' सुविधा देने से इनकार कर रहे हैं, उनके विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई, अथवा की जानी प्रस्तावित है;

ङ) सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए 'कैशलेस' सुविधा पुनः कब से आरंभ कर दी जाएगी;

च) दिल्ली सरकार के कर्मचारियों और पैंशनरों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार हेतु क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

छ) क्या यह सत्य है कि पैनल के अस्पतालों द्वारा दिल्ली सरकार के कर्मचारियों और पेंशनर्स को, आपात्कालीन स्थितियों में भी, उचित उपचार नहीं दिया जा रहा है; और

ज) पैनल के अस्पताल कड़ाई के साथ दिल्ली सरकार द्वारा समय–समय पर जारी दिशानिर्देशों का पालन करें, यह सुनिश्चित करने के लिए उठाए जा रहे कदमों का विवरण?

**59. सुश्री भावना गौड़** **ऊर्जा**

क्या माननीय ऊर्जा मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या पालम विधानसभा क्षेत्र की मधु विहार, राजापुरी तथा विश्वास पार्क नामक अनधिकृत कॉलोनियों में से हाई टेंशन वायर हटाने का कोई प्रस्ताव है;

ख) यदि हाँ, तो यह कार्य कब तक आरंभ होगा;

ग) क्या बिजली के खंभों से केबल टीवी, इंटरनेट, ब्राडबैंड और टेलीफोन की तारों को हटाने तथा उन्हें भूमिगत करने का कोई प्रस्ताव है;

घ) यदि हाँ, तो इस संबंध में उठाए गए कदम; और

ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**60. श्रीमती राजकुमारी ढिल्लौं** **स्वास्थ्य**

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में मेडीकल कॉलेज खोलने का प्रस्ताव पारित हो गया है;

ख) यदि हाँ, तो यह कार्य कब आरंभ होगा;

ग) क्या दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल के भवन, जो बहुत खराब स्थिति में है, की मरम्मत और नवीनीकरण के लिए कोई कदम उठाए जाने प्रस्तावित हैं;

घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

ङ) क्या इस अस्पताल में बिस्तरों की संख्या बढ़ाने का कोई प्रस्ताव है;

च) यदि हाँ, तो उसका विवरण; और

छ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

**राज कुमार**

**सचिव**

# दिल्ली विधान सभा
# अतारांकित प्रश्नों की सूची
# 29 मार्च, 2022

अता0 146 श्री सुरेन्द्र कुमार — भूमि एवं भवन

क्या माननीय उप–मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली सरकार द्वारा पिछले 10–20 वर्ष पहले निर्मित धर्मशालाओं को डीडीए द्वारा अधिग्रहित करने का प्रावधान है;

ख) यदि हॉ, तो क्या डीडीए द्वारा अधिग्रहित धर्मशालाओं को राजस्व विभाग में स्थानांतरित किया जा सकता है;

ग) यदि हॉ, तो इसकी क्या प्रक्रिया है; और

घ) गोकल पुर विधान सभा में विभिन्न सरकारी विभागों की कुल कितनी जमीन खाली पड़ी है, पते एवं नक्शे सहित पूर्ण विवरण दे?

अता0 147 श्री शिव चरण गोयल — भूमि एवं भवन

क्या माननीय उप–मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या यह सत्य है कि जय देव पार्क, भगवान दास नगर, रोहतक रोड़ पर लगभग 30 साल पहले एक पैट्रोल पंप हुआ करता था;

ख) यदि हां, तो क्या यह भी सत्य है कि उस पैट्रोल पंप को सरकार ने अपने नियंत्रण में ले लिया है;

ग) यदि हां, तो आज वो जगह डीडीए/एमसीडी/पीडब्लयूडी किस विभाग के पास आवंटित की गई है;

घ) उस जमीन की वर्तमान स्थिति क्या है;

ड) क्या उस जमीन पर कोई अवैध कब्जा किया हुआ है; और

च) यदि हां, तो उसको हटाने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है, पूर्ण विवरण दें?

अता0 148 श्री अजय महावऱ भूमि एवं भवन

क्या माननीय उप–मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या यह सत्य है कि गामड़ी रोड को चौड़ा करने हेतु भूमि एवं भवन विभाग सहित अन्य विभागों से भी कई बार सम्पर्क एवं पत्राचार किया जा चुका है;

ख) यदि हां, तो इस कार्य को अभी तक न किये जाने के क्या कारण हैं;

ग) इस कार्य के लिए कौन का विभाग जिम्मेदार हैं; और

घ) यह कार्य कब तक हो जायेगा ?

अता0 149 श्री मोहन सिंह बिष्ट भूमि और भवन

क्या माननीय उप–मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि यमुना खादर के अंतर्गत आने वाले कई गांवों को भूमि और भवन विभाग द्वारा रिहायशी क्षेत्र के रूप में बसाया गया था;

ख) यदि हाँ; तो क्या यह भी सत्य है कि भूमि एवं भवन विभाग द्वारा गॉवों को बसाने के लिए बेसिक सुविधाओं पर ध्यान दिया गया था;

ग) यदि हाँ, तो इसमें कौन–कौन सी सुविधाओं के लिए भूमि एवं भवन विभाग द्वारा जमीन अलॉटमेंट की गई गॉवों के नाम सहित पूर्ण विवरण दें; और

घ) जिन बेसिक सुविधाओं के लिए जमीन अलॉटमेंट की गई उनमें जनहित के लिए जो योजना बनाई गई है उनका सदुपयोग हो रहा है या नहीं, बताने की कृपा करें ?

अता0 150 श्री अखिलेश पति त्रिपाठी भूमि एवं भवन

क्या माननीय उप–मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र में दिल्ली विकास प्राधिकरण की कितनी जमींने हैं, कहां कहां पर हैं और जो खाली जमीनें हैं वे किस किस प्रयोग में हैं;

ख) पिछले दस सालों में दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा दिल्ली सरकार या एमसीडी को कितनी जमींने बेची गई, किस किस मदों के लिए बेची गईं, पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं;

ग) दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के चौकी नंबर 4 पर हॉस्पिटल के लिए दिल्ली सरकार को आवंटित 11.350 स्क्वेयर मीटर जमीन पर दिल्ली सरकार को कब तक कब्जा दे दिया जाएगा;

घ) दिल्ली विकास प्राधिकरण की मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र में कितनी मार्किटें हैं, उन मार्किटों की दुकानों एवं आफिसों को किन किन को आवंटित किया गया है तथा अभी कितनी दुकान/आफिस खाली हैं, पूर्ण जानकारी दें; और

ड) दिल्ली विकास प्राधिकरण के पार्कों में किन किन ठेकेदारों को सफाई एवं अन्य सभी कर्मचारियों का टैण्डर दिया गया है, इन सब ठेकेदारों के एवं संविदा पर कार्यरत सभी कर्मचारियों के नाम, पता, पीएफएसआई एकाउंट सहित पूरी जानकारी उपलब्ध कराएं एवं साथ ही बताएं कि किन किन पार्कों में कौन कौन से कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है?

अता0 151 श्री जरनैल सिंह स्वास्थ्य

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्ष 2022–23 और 2023–24 में कुल कितने नए सरकारी अस्पतालों को जनता के लिए चालू कर दिया जाएगा;

ख) इन सभी अस्पतालों की लोकेशन, चालू होने की तिथि, ईलाज के लिए स्थापित किये जाने वाले विभागों, उनमें उपलब्ध बिस्तरों की संख्या तथा दिन प्रति दिन दी जाने वाली सुविधाओं आदि का पूर्ण विवरण दें;

ग) स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्ष 2022–23 और 2023–24 में कितने मौजूदा सरकारी अस्पतालों की क्षमता को बढ़ाने का काम पूरा कर उन्हें जनता के लिए चालू कर दिया जाएगा; और

घ) उपरोक्त सभी अस्पतालों की मौजूदा और बढ़ी हुई क्षमता का विवरण दें तथा बढ़ी हुई क्षमता के साथ चालू होने की तिथि, बिस्तरों की संख्या, कार्यरत विभागों की सूची तथा अन्य सुविधाओं का विस्तारपूर्वक विवरण दें?

अता0 152. श्री जरनैल सिंह स्वास्थ्य

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली में कुल कितने आम आदमी मोहल्ला क्लिनिक खुल चुके हैं;

ख) वर्ष 2021–22 में कितने नये आम आदमी मोहल्ला क्लिनिक खोले जाना प्रस्तावित है;

ग) विधानसभा क्षेत्र/नगर निगम वार्ड में आम आदमी मोहल्ला क्लिनिक खोलने की संख्या का निर्धारण किस आधार पर किया जाता है;

घ) आम आदमी मोहल्ला क्लिनिक में मरीज किन–किन बीमारियों के इलाज के लिए जा सकता है;

ड.) आम आदमी मोहल्ला क्लिनिक में मरीजों के लिए क्या सुविधाएं उपलब्ध हैं;

च) क्या यह सत्य है कि आम आदमी मोहल्ला क्लिनिक के सुचारु संचालन के लिए आम नागरिकों और स्थानीय विधायक के संयोजन से किसी प्रकार की समिति बनाने का प्रावधान है; और

छ) यदि हां, तो समिति की संरचना, अधिकार क्षेत्र और कर्तव्यों का पूर्ण विवरण दें?

अता0 153 श्री पवन शर्मा स्वास्थ्य

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली सरकार के सभी सेवा निवृत कर्मचारियों का ईलाज डीजीईएचएस पैनल पर सभी प्राईवेट हॉस्पिटलों में कैशलेस किया जाता है;

ख) क्या यह भी सत्य है कि सेवा निवृत्त कर्मचाारियों के सभी जांच/टेस्ट भी डीजीईएचएस पैनल पर सभी प्राईवेट हॉस्पिटलों में कैशलेस होते है;

ग) क्या यह भी सत्य है कि रिटायर कर्मचारियों को कुछ जांच, जो सीजीएचएस लिस्ट में नहीं है, उस जांच को नहीं करने के लिए दिल्ली सरकार ने प्राईवेट हॉस्पिटल को आदेश दे रखा है;

घ) यदि नहीं तो डीजीईएचएस पैनल के प्राईवेट हॉस्पिटलों द्वारा रिटायर कर्मचारियों के कुछ ऐसे टेस्ट/जांच, जो सीजीएचएस लिस्ट में नहीं है, को कैशलेस नहीं करने के क्या कारण हैं; और

ङ) रिटायर कर्मचारियों को कुछ ऐसे जांच, जो सीजीएचएस लिस्ट में नहीं है, उस जांच को डीजीईएचएस पैनल पर प्राईवेट हॉस्पिटलों में कैशलेस करने के लिए क्या प्रावधान हैं; पूर्ण ब्यौरा दें?

अता0 154 श्री पवन शर्मा स्वास्थ्य

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि आदर्श नगर विधानसभा के गांधी विहार क्षेत्र में एक हजार वर्ग गज के एक भूखण्ड का आबंटन डिस्पेंसरी निर्माण के लिए डीडीए से करवाया गया है;

ख) यदि हॉ, तो इस भूखण्ड पर डिस्पेंसरी निर्माण कब तक हो जाने की संभावना है;

ग) क्या इस भावी डिस्पेंसरी में पॉलीक्लिनिक की तर्ज पर विभिन्न प्रकार के टैस्ट जैसे कि एक्स रे, ईसीजी, अल्ट्रासाउंड आदि जैसी डायग्नोस्टिक सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी; और

घ) क्या इस भूखण्ड पर भवन निर्माण योजना बनाते समय जच्चा–बच्चा केन्द्र, मैटरनिटी केन्द्र आदि जैसी सुविधाएं शामिल करने का भी कोई प्रस्ताव है?

अता0 155 श्रीमती राजकुमारी ढिल्लों स्वास्थ्य

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या यह सत्य है कि सरकारी स्कूलों एवं अस्पतालों में हाउस कीपिंग स्टाफ लगाने की जिम्मेदारी प्राइवेट कम्पनी को दी गई है;

ख) यदि हॉ तो इन कम्पनियों का विवरण दें;

ग) क्या यह भी सत्य है कि इन कम्पनियों द्वारा अनुबंध के आधार पर सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति में भारी अनियमितताएं बरती जाती है जिसके चलते इन कर्मचारियों का आर्थिक शोषण किया जाता है;

घ) यदि हॉ, तो इस भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं; और

ड0) दीनदयाल उपाध्याय जो कि एक सरकारी अस्पताल है क्या इसके एमडी को बाउन्सर रखने की अनुमति है?

अता0 156 सुश्री भावना गौड़ स्वास्थ्य

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) पालम विधानसभा क्षेत्र में कुल कितने मोहल्ला क्लीनिक कार्यरत है? स्टाफ के नाम, पते व फोन नम्बर सहित पूर्ण विवरण उपलब्ध कराया जाये;

ख) क्या पालम विधानसभा क्षेत्र में नये मोहल्ला क्लीनिक खोलने की सरकार की कोई योजना है;

ग) यदि हॉ, तो पूर्ण विवरण दें;

घ) यदि हां तो यह कब तक बनकर तैयार हो जाएंगे; और

ड) क्या यह सत्य है कि जिन वार्डों में सरकारी जगह उपलब्ध नहीं है वहॉ किराये पर मोहल्ला क्लीनिक खोलने की सरकार की कोई योजना है?

अता0 157 श्री राजकुमार आनंद स्वास्थ्य

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) पटेल नगर विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में कितने आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक कार्यरत हैं;और

ख) पटेल नगर विधानसभा क्षेत्र में आगामी एक वर्ष में कितने और आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक खोले जाने का प्रस्ताव है?

अता0 158 श्री विशेष रवि स्वास्थ्य

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) सर गंगाराम हॉस्पिटल को ईडब्ल्यूएस श्रेणी के रोगियों को दाखिल न करने और उनका उपचार न करने के लिए दिया गया 'कारण बताओ नोटिस' वापस लिये जाने के क्या कारण हैं;

ख) उक्त नोटिस पर विभाग द्वारा क्या कार्रवाई की गई है;

ग) शिकायत पर कार्रवाई के बिना और अधोहस्ताक्षरी सहित शिकायतकर्ता को सूचित किए बिना लाइसेंस का नवीकरण क्यों किया गया और अस्पताल की शिकायतों को संज्ञान में लिए बिना संबंधित अधिकारी द्वारा लाइसेंस नवीनीकरण के क्या कारण थे;

घ) ईडब्लयूएस श्रेणी के रोगियों के उपचार से संबंधित नियमों के उल्लंघनों को संज्ञान में लिए बिना लाईसेंस नवीनीकरण करने वाले अधिकारियों का पूर्ण विवरण दें;

ड) स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को किसी पद पर तैनात किए जाने के शासकीय नियम–कायदे क्या हैं, इन नियमों के अनुसार किसी कर्मचारी को अधिकतम कितनी अवधि तक के लिए एक ही पद पर तैनात किया जा सकता है;

च) लाईसेंस नवीनीकरण करने वाले अधिकारी कितने समय से वर्तमान पद पर तैनात हैं;

छ) क्या यह सत्य है कि उपरोक्त अधिकारी वर्तमान पद पर निश्चित प्रदान की गई समयावधि के बाद भी कार्यरत हैं; और

ज) यदि हाँ, तो ऐसा क्यों और उनकी वर्तमान तैनाती की अवधि को विस्तार देने वाले अधिकारी कौन हैं?

अता0 159 श्री नरेश बालयान स्वास्थ्य

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या उत्तम नगर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले बिंदापुर क्षेत्र में एक अस्पताल बनाने का कोई प्रस्ताव है;

ख) यदि हां, तो इस अस्पताल को बनाने का कार्य कब तक शुरू किया जाएगा; और

ग) यह अस्पताल कब तक बन के जनता को समर्पित कर दिया जाएगा, पूर्ण विवरण दें ?

अता0 160 श्री अजय दत्त स्वास्थ्य

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) अंबेडकर नगर विधानसभा क्षेत्र में स्थित कोविड महामारी के मरीजों के लिए स्पेशलाइज्ड किये हुए अंबेडकर अस्पताल को सामान्य ओपीडी के लिए कब से शुरु किया जा रहा है;

ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

ग) अंबेडकर नगर विधानसभा क्षेत्र में कितने मोहल्ला क्लिनिक कहां–कहां पर स्थित हैं, इनमें कितने अधिकारी/कर्मचारी कार्यरत हैं तथा कितने अधिकारी/कर्मचारी सरकारी एवं कितने संविदा पर कार्यरत हैं, पूरे स्टाफ की जानकारी नाम, पदनाम एवं मोबाईल के साथ उपलब्ध कराई जाए;

घ) अंबेडकर नगर विधानसभा क्षेत्र में अभी कितने और कहां–कहां पर मोहल्ला क्लिनिक खोले जाने प्रस्तावित हैं, पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाए; और

ड.) अंबेडकर नगर विधानसभा क्षेत्र में कितनी डिस्पेंसरियां कहां–कहां पर स्थित हैं, इनमें क्या–क्या सुविधाएं (जैसे–ब्लड टेस्ट मशीन, रेडियोलोजी मशीन, सीटी स्कैन इत्यादि) हैं तथा इनमें कितने अधिकारी/कर्मचारी कार्यरत हैं, पूरे स्टाफ की जानकारी नाम, पदनाम एवं मोबाईल के साथ उपलब्ध कराई जाए?

अता0 161 श्री महेन्द्र गोयल स्वास्थ्य

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि रिठाला विधानसभा क्षेत्र के पोटा केबिन वाले मोहल्ला क्लीनिकों के बाहर लगे पोस्टर फट चुके है;

ख) यदि हॉ, तो उन्हें पुनः लगाये जाने की विभाग की क्या योजना है;

ग) मोहल्ला क्लीनिको में जो जांच की जाती है उनके सैम्पल किस लैब में भेजे जाते है;

घ) क्या यह भी सत्य है कि विभाग ने पिछले दिनों लैब को बदला है; और

ङ) विभाग द्वारा निजी लैब को किस–किस जांच के लिए कितनी राशि का भुगतान किया जाता है, पूर्ण जानकारी दें?

अता0 162 श्री अभय वर्मा स्वास्थ्य

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) लक्ष्मी नगर विधान सभा मंडावली स्थित पॉली क्लीनिक कब तक बन जायेगा, इस पर कितना बजट खर्च होगा, किस एजेन्सी द्वारा यह निर्मित होगा, उसके अधिकारी का नाम और फोन नम्बर के साथ विस्तृत विवरण दे;

ख) लक्ष्मी नगर विधान सभा में कुल कितने मोहल्ला क्लीनिक कार्यरत हैं, कितने मोहल्ला क्लीनिक बन्द किये गये है और कार्यरत मोहल्ला क्लीनिक के प्रमुख अधिकारी कौन–कौन हैं, उनकी विस्तृत जानकारी मोबाइल नम्बर सहित उपलब्ध कराई जाये;

ग) लक्षमी नगर विधान सभा में कुल कितनी कार्यरत डिस्पेन्सरी हैं, यहॉ पर कार्यरत डॉक्टरों का विवरण मोबाइल नम्बर सहित उपलब्ध कराया जाये;

घ) लक्ष्मी नगर विधान सभा के स्कूल ब्लॉक शकरपुर में डीडीए द्वारा स्वास्थ्य विभाग को किस कार्य के लिए 1870 स्क्वेयर मीटर जगह दी गयी थी, उसकी जानकारी और इससे सम्बन्धित पत्राचार की कापी भी दी जाये; और

ड0) स्कूल ब्लॉक शकरपुर के स्वास्थ्य विभाग के भवन को किस–किस प्रयोग में लिया जा रहा है और अभी तक कोई डिस्पेन्सरी नहीं खोले जाने के क्या कारण हैं?

अता0 163 श्री राजेश गुप्ता स्वास्थ्य

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के दीप चंद बंधु अस्पताल के डॉक्टरों एवं अन्य स्टॉफ द्वारा काफी लापरवाही बरती जा रही है जिसकी वजह से मरीजों को काफी परेशानी होती है;

ख) यदि हां, तो दिल्ली सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाये जा रहे हैं;

ग) क्या यह भी सत्य है कि वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कार्यालय द्वारा उपरोक्त अस्पताल को दी गई शिकायतों पर न तो कोई सुनवाई हो रही है और न ही किसी प्रकार की कार्यवाही होती है और न ही समस्या का निवारण होता है;

घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

ड.) क्या यह सत्य है कि वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के दीप चंद बंधु अस्पताल में होने वाली भर्तियों में भर्ती कराने वाली एजेंसी द्वारा भर्ती नियमों का पालन न करते हुए मनमर्जी से भर्ती की जा रही है;

च) यदि हां, तो इस संबंध में की गई कार्यवाही का पूर्ण विवरण दें; और

छ) दीप चंद बंधु अस्पताल में पिछले 02 साल से हुई भर्ती किस एजेंसी के द्वारा कराई गई और भर्ती की प्रक्रिया क्या है; संपूर्ण विवरण दें?

अता0 164 श्री मोहन सिंह बिष्ट स्वास्थ्य

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली सरकार द्वारा कुल कितनी विधानसभा क्षेत्रों में मोहल्ला क्लीनिक बनाए गए हैं, पूर्ण विवरण दें;

ख) क्या यह सत्य है कि अधिकतर मोहल्ला स्वास्थ्य केन्द्रों में डॉक्टरों की व्यवस्था नहीं है;

ग) किन–किन मोहल्ला क्लीनिकों पर डॉक्टर हैं और जहां नहीं हैं, उनका विवरण दें;

घ) क्या यह भी सत्य है कि अधिकतर जगहों पर मोहल्ला क्लीनिक गली में खोले गए हैं;

ड.) यदि हां, तो उस क्षेत्र के लोगों को आने जाने में होने वाली समस्याओं को देखते हुए क्या सरकार की उन मोहल्ला क्लीनिकों को मेन रोड में खोलने की कोई योजना है, यदि नहीं, तो कारण बताएं;

च) क्या यह भी सत्य है कि कई विधानसभा क्षेत्रों में मोहल्ला क्लीनिक खोलने की जो योजना थी वहां आज तक मोहल्ला क्लीनिक खाली खोखे के रूप में हैं; और

छ) करावल नगर विधानसभा क्षेत्र में कार्यरत मोहल्ला क्लीनिकों का पूर्ण विवरण क्या है?

अता. 165 श्री जय भगवान स्वास्थ्य

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) बवाना विधानसभा में प्राथमिक उपचार केंद्र की तरह कार्य कर रहे महर्षि वाल्मीकि अस्पताल को आधुनिक अस्पताल बनाने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है; और

ख) इस अस्पताल में एमएस और डॉक्टरों की कमी को कब तक पूरा किया जाएगा?

अता0 166 श्री ओम प्रकाश शर्मा स्वास्थ्य

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली सरकार द्वारा संचालित यमुनापार में 100 बेड से अधिक क्षमता के हास्पिटल के नाम बताएं;

ख) इन अस्पतालों में सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर्स, जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टाफ आदि के स्वीकृत पदों की संख्या तथा वर्तमान में इन पदों पर कार्यरत स्टाफ की संख्या बताएं;

ग) पिछले 5 वर्षों में इन अस्पतालों में कितने बेड बढ़ाए गए, अस्पताल अनुसार बताएं तथा बढ़ाए गए बेड में कितने वेंटिलेटर वाले तथा कितने आईसीयू वाले बेड हैं;

घ) इन अस्पतालों में से कितनों में स्थायी डायरेक्टर/मेडिकल सुप्रिंटेंडेंट उपलब्ध हैं;

ड.) अस्पतालों में किस–किस अस्पताल में सीटी स्कैन/एमआरआई मशीन तथा ब्लड से प्लाज्मा अलग करने वाली मशीन लगी हुई है;

च) पिछले 5 वर्षों में इन इन अस्पताल की रिकमंडेशन पर कितने मरीजों का प्राइवेट अस्पताल में ऑपरेशन/इलाज हुआ है;

छ) पिछले 2 वर्षों में फरिश्ता योजना के तहत कितने मरीजों का प्राइवेट अस्पताल में इलाज हुआ है, अस्पताल अनुसार सूची उपलब्ध कराएं; और

ज) पिछले 3 वर्षों में सरकारी रियायती दर पर जिन प्राइवेट अस्पतालों को जमीन दी गयी थी उसकी जानकारी दी जाए और गरीब मरीजों का इलाज नहीं करने पर इनमें से किन–किन अस्पतालों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गयी, पूर्ण विवरण दें?

अता0 167 श्री विजेन्द्र गुप्ता स्वास्थ्य

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली सरकार के अस्पतालों, औषधालयों और क्लीनिकों में डॉक्टरों, नर्सों, पैरामेडिकल स्टॉफ और नॉनमेडिकल स्टॉफ की कमी है;

ख) दिल्ली सरकार के अस्पतालों, औषधालयों और क्लीनिकों में रिक्त पदों का विवरण दें; और

ग) इन पदों को भरने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे हैं, पूर्ण विवरण दें?

अता0 168 श्रीमती राजकुमारी ढिल्लों परिवहन

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) हरी नगर विधानसभा क्षेत्र के हरी नगर घंटाघर चौक पर फेरी और ठेले वालों तथा वहां पर खडी होने वाली 15–20 डी.टी.सी. और क्लस्टर बसों के कारण लगने वाले भयंकर जाम से निजात दिलाने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

ख) तो क्या इस समस्या के निवारण के लिए विभाग द्वारा इन बसों को हटाकर हरी नगर डिपो या मायापुरी डिपो में शिफ्ट किये जाने की कोई योजना है;

ग) यदि हां, तो यह कार्य कब तक होगा; और

घ) यदि नहीं, तो ट्रैफिक की इस समस्या के निवारण के लिए विभाग की क्या योजना है?

अता0 169 श्री अनिल बाजपेयी परिवहन

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिल्ली में कितनी डीटीसी की बस कौन–कौन से रूट पर चल रही है; और

ख) क्लस्टर बस कौन–कौन से रूट पर चल रही हैं, उसकी सारी विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराएं?

अता0 170 श्री अजय महावर परिवहन

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या घोण्डा विधानसभा में घनी आबादी की समस्या को ध्यान में रखते हुए यमुना विहार बस डिपो (जो वर्तमान में सिर्फ बसों का पार्किंग स्लॉट बना हुआ है) पर मल्टी लेवल पार्किंग बनाने की सरकार की कोई योजना है;

ख) यदि हां, तो कब तक;

ग) यमुना विहार डिपो से कितनी बसें कहां–कहां के लिए चलती है, पूर्ण विवरण दें;

घ) दिल्ली में कितनी बसें डीटीसी ने खरीदी हैं, कितनी बसें चालू हालत में हैं, कितनी क्लस्टर बसें किस किस कंपनी द्वारा कितनी खरीदी गयी है और अब कुल क्लस्टर बसों की संख्या कितनी है;

ड.) पुरानी डीटीसी की बसों के मेंटेनेंस पर कितना खर्च हो रहा है, उसका ब्यौरा दें;

च) डीटीसी के कर्मचारियों की कुल संख्या कितनी है और कितनी रकम उनकी सैलरी के लिए दी जाती है;

छ) दिल्ली सरकार में कितने इलेक्ट्रिक वाहन रजिस्टर हुए हैं एवं कितने वाहन स्वामियों को सब्सिडी दी गयी;

ज) जो शेष वाहन स्वामी बिना सब्सिडी के बचे हैं उन्हें अभी तक सब्सिडी न दिए जाने के क्या कारण हैं; और

झ) उन्हें सब्सिडी कब तक दी जायेगी?

अता0 171. श्री अभय वर्मा परिवहन

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या लक्ष्मी नगर विधानसभा क्षेत्र से होकर गुजरने वाले दिल्ली परिवहन निगम की बसों के कोई नये रूट निर्धारित हुए हैं;

ख) यदि हां, तो बस रूट का नाम बतायें तथा उस रूट पर कितने बसें किस–किस समय पर चलायी जा रही हैं, पूर्ण विवरण दें;

ग) क्या यह सत्य है कि लक्ष्मी नगर विधानसभा क्षेत्र में कुल 10 नये बस क्यू शेल्टर बनाना प्रस्तावित है;

घ) यदि हां, तो ये सभी नये बस क्यू शेल्टर कब तक बनेंगे और कहां–कहां बनेंगे और एक नये बस क्यू शेल्टर बनाने पर कुल कितना खर्च आयेगा;

ड.) क्या ऊर्जा विहार मंडावली में दिल्ली परिवहन निगम का बस स्टॉप है;

च) यदि हां, तो उसका उपयोग नहीं होने और वहां से अब तक कोई नया बस रूट प्रारंभ न किये जाने के क्या कारण हैं;

छ) ऊर्जा विहार मंडावली में भविष्य में नये बस रूट चलाने हेतु योजना की संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं;

ज) रमेश पार्क पुश्ता रोड़ के रूट पर दिल्ली परिवहन निगम की चल रही बसों की समय सारणी सहित पूर्ण जानकारी दें ; और

झ) क्या परिवहन विभाग द्वारा लक्ष्मी नगर विधानसभा के विकास मार्ग व मदर डेयरी रोड़ पर लगने वाले जाम की समस्या के निदान हेतु सरकार की क्या योजना हैं?

अता. 172 श्री अखिलेश पति त्रिपाठी परिवहन

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली मेट्रो के चतुर्थ फेज के संबंध में मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जो मेट्रो लाईन यहां से निकाली गई है, उसका पूरा नक्शा, लोकेशन सहित उपलब्ध कराएं;

ख) उपरोक्त के संबंध में इस लाईन पर मेट्रो स्टेशन कहां–कहां बनने हैं एवं उपरोक्त के नाम क्या–क्या निर्धारित किए गए है, ये भी जानकारी उपलब्ध कराए;

ग) उपरोक्त के संबंध में दिल्ली मेट्रो के चतुर्थ फेज का कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा, इसके पूर्ण करने की तिथि क्या है, उपरोक्त के संबंध में कितनी धनराशि का बजट/एस्टीमेट जारी किया गया है;

घ) इस प्रोजेक्ट में जो स्टेशन बनने है वह जमीन किस डिपार्टमेंट/या व्यक्तिगत मालिक की है और इसको लेने के लिए कितना पैसा आवंटित किया गया तथा इस कार्य का टेंडर किस कंपनी को कितने एस्टीमेट पर जारी किया गया; और

ङ) इस प्रोजेक्ट के साथ–साथ और कौन–कौन से कार्य जैसे फलाईऑवर या अंडरब्रीज आदि किए जाने प्रस्तावित है, इसकी भी पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं?

अता0 173 श्री कुलदीप कुमार परिवहन

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या कोई मैट्रो स्टेशन (दिल्ली मैट्रो), कोंडली विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित है;

ख) यदि हां तो कहां; और

ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार की इस विधानसभा के लोगों को आसपास के मैट्रो स्टेशनों तक पहुंचने के लिए मैट्रो फीडर बस सर्विसेस उपलब्ध कराने की कोई योजना है?

अता0 174 श्रीमती प्रमिला धीरज टोकस परिवहन

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) आर.के.पुरम विधानसभा से पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के लिए क्या डी.टी.सी./डी.आई.एम.टी.एस. की बसें चलाने का कोई प्रस्ताव है;

ख) यदि हां, तो कब तक ये बस शुरू होगी, पूरा विवरण दें;

ग) क्या यह सत्य है कि आर.के.पुरम विधानसभा में वसंत विहार आर.टी.ओ. ऑफिस में लाइसेंसिंग अथॉरिटी का ऑफिस बंद होने के बाद स्थानीय विधायक द्वारा वहां ऑफिस का आवेदन किया था; और

घ) यदि हां, तो स्थानीय विधायक को उसका एन.ओ.सी. कब तक मिल जाएगा?

अता0 175 श्री ओम प्रकाश शर्मा परिवहन

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) दिल्ली सरकार ने पिछले पांच वर्षों में कब–कब, किस–किस प्रकार की कितनी बसें खरीदी तथा प्रत्येक बस कितनी लागत आई;

ख) इस समय दिल्ली परिवहन निगम के बेड़े में कुल कितनी बसें है;

ग) ऐसी कितनी बसें हैं जिनकी आयु सीमा तकनीकी रूप से समाप्त हो गई है या अगले छह महीने के अंदर समाप्त हो जाएगीं;

घ) सरकार द्वारा निकट भविष्य में कितनी लागत से कितनी बसें और कब तक खरीदने की योजना है;

ड) क्या सरकार का विधायकों के अनुरोध पर उनके क्षेत्र से गुजरते हुए नए बस रूट चलाने एवं पहले से चल रहे रूटों पर बस संख्या बढ़ाने का कोई प्रस्ताव है; और

च) यदि हां, तो उसका विवरण क्या है?

अता0 176 श्री ओम प्रकाश शर्मा परिवहन

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) दिल्ली परिवहन निगम अपने चालक, संवाहक व मार्शल के वेतन एवं ईंधन पर अलग–अलग प्रतिमाह कुल कितना खर्च करती है;

ख) बसों के परिचालन की कुल अवधि एवं खरीदमूल्य के हिसाब से प्रतिमाह बसों पर कुल कितना खर्च आता है;

ग) बसों के परिचालन से प्रतिमाह दिल्ली परिवहन निगम को कुल कितनी आय प्राप्त होती है;

घ) दिल्ली परिवहन निगम महिलाओं को फ्री किराया यात्रा पर तथा अपने प्रचार–प्रसार पर कुल कितना खर्च करती है;

ड.) दिल्ली परिवहन निगम को उपरोक्त खर्च करके प्रतिमाह कुल कितनी बचत होती है;

च) यदि उपरोक्त खर्च करके दिल्ली परिवहन निगम को प्रतिमाह घाटा होता है तो यह घाटा कितना हो रहा है; और

छ) दिल्ली परिवहन निगम के बेड़े में इस समय किस–किस तरह की कुल कितनी बसें हैं और उनमें से कितनी बसों की मियाद तकनीकी रूप से पूरी हो चुकी है?

अता0 177 श्री पवन शर्मा परिवहन

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) डीटीसी के बेड़े में कुल कितनी बसें हैं, फ्यूल टाईप के हिसाब से विवरण दें तथा डीटीसी की बसों पर प्रति किलो मीटर पर कितना परिचालन खर्च आता है;

ख) डीटीसी विभाग में कुल कितने स्थाई व अस्थाई कर्मचारी हैं तथा प्रति बस कितने कर्मचारी नियोजित होते हैं;

ग) डीटीसी की बसों में कुल कितने मार्शल लगाए गए हैं तथा क्या ये मार्शल उपरोक्त डीटीसी कर्मचारियों की कुल संख्या में सम्मिलित हैं;

घ) डीटीसी की कितनी बसों में सीसीटीवी कैमरे और कितनी बसों में पैनिक बटन लगे हैं तथा कितनी बसों में सीसीटीवी कैमरे और पैनिक बटन नहीं लगे हैं;

ङ) जिन बसों में सीसीटीवी कैमरे और पैनिक बटन नहीं लगे हैं, उनमें कब तक ये उपकरण लगा दिए जाएंगे;

च) क्या सरकार द्वारा डीटीसी को होने वाले अनुमानित औसत 1550 करोड़ के वार्षिक नुकसान को कम करने के लिए किसी प्रकार का कोई सर्वे, स्टडी या योजना बनाई गई है; और

छ) यदि हॉ, तो उसका विस्तृत विवरण दें?

अता0 178 श्री विजेन्द्र गुप्ता परिवहन

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) पर्यावरण बस सेवा के नाम पर दिल्ली की सड़कों पर कुल कितनी प्राइवेट बसें चल रही हैं; रूट वाइज ब्यौरा दें;

ख) प्राइवेट बस चलाने का तरीका क्या है तथा इन बसों को चलाने में सरकार कितना व्यय कर रही है;

ग) प्राइवेट बसों के चलने के कारण डीटीसी को प्रतिदिन कितना घाटा उठाना पड़ रहा है; पूर्ण विवरण दें; और

घ) दिल्ली सरकार द्वारा एक भी नई बस को दिल्ली परिवहन निगम के बेड़े में न जोड़े जाने के क्या कारण हैं?

अता0 179 श्री भूपिंदर सिंह जून परिवहन

क्या माननीय परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) दिल्ली में इस समय विभिन्न रूटों पर कितनी संख्या में डीटीसी की बसें चल रही हैं;

ख) क्या वर्तमान में दिल्ली में कोई ऐसा गाँव/कॉलोनी है जो सार्वजनिक परिवहन से न जुड़ी हो;

ग) बिजवासन, विधानसभा क्षेत्र–36, में क्या कोई ऐसा बस रूट है जो इसापुर खेड़ा, सालापुर और नांगल देवत गावों को जोड़ता है, यदि नहीं, तो क्या निकट भविष्य में इसके लिए कोई प्रस्ताव है;

घ) वर्तमान में डीटीसी में चालकों और परिचालाकों की स्वीकृत संख्या कितनी है और कितने पद रिक्त हैं;

ड.) क्या दिल्ली के प्रत्येक गाँव और कॉलोनी को सार्वजनिक परिवहन से जोड़ने का कोई प्रस्ताव है; और

च) यदि हाँ, तो उक्त लक्ष्य को कब तक प्राप्त कर लिया जाएगा?

अता0 180 श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी समाज कल्याण

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) वित्तिय वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 में वृद्ध तथा बेसहारा एवं विधवा महिलाओं को पेंशन देने हेतु कितनी–कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया था; और

ख) पिछले दो वर्षों में विधानसभा क्षेत्रवार कितने–कितने वृद्धों तथा बेसहारा एवं विधवा महिलाओं को पेंशन दी गई, विधानसभावार विवरण दें?

अता0 181 श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी समाज कल्याण

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि वृद्धों तथा बेसहारा एवं विधवा महिलाओं के नाम पर बोगस एवं अपात्र लोगों को पेंशन दिए जाने के मामले में दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग द्वारा एक गिरोह पकड़ा गया था;

ख) यदि हाँ; तो क्या इस मामले में कोई एफ.आई.आर. भी दर्ज हुई थी;

ग) इस मामले में कितने लोगों को पेंशन जारी कर दी गई थी; और

घ) जिन बोगस एवं अपात्र लोगों को यह पेंशन दी गई थी क्या उनकी पेंशन रद्द कर दी गई थी, पूर्ण विवरण दें ?

अता0 182 श्री सुरेन्द्र कुमार समाज कल्याण

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) सरकार द्वारा वृद्धावस्था पेंशन को पुनः शुरू करने की क्या योजना है और कब तक शुरू कर दी जायेगी;

ख) गोकल पुर विधानसभा क्षेत्र में कितने लोगों को वृद्धावस्था पेंशन दी जाती है, नाम, फोन नम्बर, पते सहित सम्पूर्ण विवरण दें;

ग) क्या गोकल पुर विधानसभा में बुजुर्गो के लिए मनोरंजन केन्द्र बनाने की सरकार की कोई योजना है, यदि हां, तो कब तक;

घ) गोकल पुर विधानसभा क्षेत्र में कितने लोगों को दिव्यांग पेंशन दी जा रही है, सम्पूर्ण विवरण दें;

ड) गोकल पुर विधानसभा क्षेत्र में कोविड से मरने वाले लोगों के कितने परिवारों को मुआवजा/पेंशन दी जा रही है, सम्पूर्ण विवरण दें?

अता0 183 श्रीमती बंदना कुमारी समाज कल्याण

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या सरकार की विक्लांग, गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए (जिलाधीश कार्यालय में संचालित राहत कोष सुविधा की तरह ) उन्हें ट्राईसाईकिल एवं स्पोर्टस स्टिक प्रदान करने के लिए कोई नया फंड बनाने की योजना है;

ख) यदि हां, तो उसका विवरण क्या है;

ग) क्या वर्तमान में सरकार का कोई ऐसा प्रावधान/फण्ड है, जिसके तहत विधायक द्वारा लोगों की मदद की जा सके;

घ) यदि हां, तो उसका विवरण क्या है; और

ड) यदि नहीं तो इस संबंध में नीति बनाने की क्या सरकार की कोई योजना है?

अता0 184 श्री अजय महावर समाज कल्याण

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) 2018 के बाद अभी तक दिल्ली सरकार द्वारा कोई भी नई बुजुर्ग पेंशन नहीं खोले जाने के क्या कारण हैं;

ख) यह पेंशन कब तक पुनः खोल दी जाएगी इसका क्या प्रकार होगा; और

ग) पिछले लगातार 2 महीने से लोगों की पेंशन न आने के क्या कारण है?

अता0 185. श्री अभय वर्मा समाज कल्याण

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) लक्ष्मी नगर विधानसभा में समाज कल्याण विभाग द्वारा कौन–कौन सी जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं और किस–किस योजना में कितने लाभार्थी हैं;

ख) 1 अप्रैल, 2020 से लेकर 15 मार्च, 2022 तक कितने नये वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत किये गये, विस्तृत जानकारी दें;

ग) 1 अप्रैल, 2020 से लेकर 15 मार्च, 2022 तक कितने नये दिव्यांग पेंशन स्वीकृत किये गये, विस्तृत जानकारी दें;

घ) लक्ष्मी नगर विधानसभा में पेंशन भोगियों के सत्यापन करने की क्या प्रकिया है और पिछली बार कब सत्यापन किया गया था;

ड.) लक्ष्मी नगर विधानसभा में कुल वृद्धावस्था एवं दिव्यांग पेंशन भोगियों की संख्या उनके नाम, पता और फोन नंबर के साथ उपलब्ध करवायें; और

च) वृद्धावस्था एवं दिव्यांग पेंशन के अलावा लक्ष्मी नगर विधानसभा में किसी अन्य योजना में समाज कल्याण द्वारा लाभ दिये गये हैं तो उनकी विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाये?

अता0 186 श्री राजेश गुप्ता समाज कल्याण

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली सरकार द्वारा वृद्धावस्था पेंशन योजना कब तक पुनः शुरू हो जाएगी; और

ख) पूर्ण विवरण दें?

अता0 187 श्री अखिलेश पति त्रिपाठी समाज कल्याण

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) मॉडल टाऊन विधानसभा में वर्तमान में कितनी विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, लड़की की शादी के लिए अनुदान राशि, तलाकशुदा पेंशन एवं आर्थिक सहायता की पेंशन दी गयी या दी जा रही है, इन सबकी पूर्ण जानकारी दी जाए;

ख) मॉडल टाऊन विधानसभा में 01.01.2015 से अब तक ऑनलाइन के माध्यम से विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, लड़की की शादी के लिए अनुदान राशि, तलाकशुदा पेंशन एवं आर्थिक सहायता के लिए अनुदान राशि के आवेदन प्राप्त हुए, कितने पास किए गए, कितने केंसिल किए गए, जो आवेदन निरस्त किए गए उनका कारण बताते हुए पूर्ण सूची नाम, पता एवं मोबाइल नंबर के साथ उपलब्ध कराएं;

ग) मॉडल टाऊन विधानसभा में उपरोक्त पेंशनों की समस्या के समाधान हेतु कौन कौन से अधिकारी/कर्मचारी कार्यरत हैं, उनके नाम, पद एवं मोबाइल नंबर उपलब्ध कराएं;

घ) क्या उपरोक्त संबंध में विधानसभा वाईज कोई कॉऑर्डिनेटर नियुक्त किए गए हैं;

ड.) अगर हां, तो सूची उपलब्ध कराएं;

च) मॉडल टाऊन विधानसभा में ऐसे कितने आवेदक हैं जिनके आवेदन के स्वीकृति के पश्चात भी अभी तक पेंशन मिलनी शुरू नहीं हुई है;

छ) आवेदन प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात भी आवेदक के महीनों/सालों तक पेंशन मिलने का इंतजार करते रहने के क्या कारण हैं तथा इसके लिए कौन जिम्मेदार है; और

ज) उपरोक्त पेंशनों के संदर्भ में मुखर्जी नगर कार्यालय में आवेदकों के साथ कर्मचारियों द्वारा लगातार दुर्व्यवहार की शिकायतों के संबंध में विभाग के द्वारा क्या कार्यवाही की गयी है, पूर्ण विवरण दें?

अता0 188. श्रीमती प्रमिला धीरज टोकस समाज कल्याण

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) ई–डिस्ट्रिक्ट और 1076 के माध्यम से प्राप्त हुए विकलांग पेशन, दिल्ली फैमिली बेनिफिट स्कीम के आवेदनों का विधानसभावार विवरण दें;

ख) उपरोक्त आवेदनों में कितने आवेदन लंबित हैं 1076 एवं ई–डिस्ट्रिक्ट के तहत लम्बित आवेदनों का अलग–अलग विधानसभावार विवरण दें;

ग) आवेदन लंबित होने के क्या कारण हैं; और

घ) उन पर कब तक कार्यवाही कर ली जाएगी, पूर्ण विवरण दें?

अता0 189 श्री ओम प्रकाश शर्मा समाज कल्याण

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या यह सत्य है कि विश्वास नगर विधानसभा क्षेत्र में दिल्ली सरकार द्वारा जो ओल्ड एज पेंशन दी जा रही थी, उसे बन्द कर दिया गया है;

ख) यदि हॉ, तो इसके क्या कारण है; और

ग) ओल्ड एज पेंशन को कब से पुनः शुरू कर दिया जाएगा, विवरण दे?

अता0 190 श्री विजेन्द्र गुप्ता श्रम

क्या माननीय उप–मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) श्रम विभाग के अंतर्गत अतिरिक्त श्रम आयुक्त, संयुक्त श्रम आयुक्त, उप–श्रमायुक्त तथा सहायक श्रमायुक्त के कुल कितने पद रिक्त हैं;

ख) श्रम विभाग के अंतर्गत कार्यरत कुल 9 जिलों में लीगल समस्याओं की सलाह देने के लिए कुल कितने लीगल सहायक कार्यरत हैं;

ग) क्या श्रम विभाग के अंतर्गत कार्यरत कुल 9 जिलों में लीगल संबंधी कठिनाइयों को दूर करने के लिए लीगल सहायकों की संख्या बढ़ाने का कोई प्रस्ताव है;

घ) क्या यह सत्य है कि श्रम विभाग में क्षतिपूर्ति आयुक्त की संख्या में कमी होने के कारण एक–एक क्षतिपूर्ति आयुक्त को दो–दो जिले का प्रभार मिला हुआ है;

ड.) श्रम विभाग में क्षतिपूर्ति आयुक्त की संख्या बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं या उठाये जायेंगे; और

च) श्रम विभाग को राजस्व विभाग की तर्ज पर 11 जिलों में बांटने का प्रस्ताव जो पिछले लगभग 2 साल से लंबित हैं, उसे कब से लागू किया जायेगा?

अता0 191. श्री विजेन्द्र गुप्ता श्रम

क्या माननीय उप–मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली सरकार के दिल्ली भवन एवं अन्य संनिर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के द्वारा पंजीकृत श्रमिकों के लिए कौन–कौन सी कल्याणकारी योजनायें चलायी जा रही हैं;

ख) इन सभी योजनाओं के अंतर्गत लाभ पाने के लिए पिछले पांच वर्षों में कुल कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं;

ग) कितने आवेदनों का निपटारा किया गया और प्रत्येक योजना में कुल कितने लाभार्थी लाभान्वित हुए;

घ) किस–किस जिले में कितने–कितने आवेदन अभी तक लंबित है; और

ड.) इन सभी का जिलानुसार विवरण दें?

अता0 192. श्री जितेन्द्र महाजन श्रम

क्या माननीय उप–मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) पिछले 2 वर्षों में लेबर डिपार्टमेंट द्वारा कितने लोगों के लेबर कार्ड बनाए गए हैं;

ख) लेबर कार्ड बनाये जाने हेतू क्या पात्रता/मापदंड हैं;

ग) वर्तमान में विभाग में कितने लेबर कार्ड बनने की प्रक्रिया लंबित हैं; और

घ) लेबर कार्ड द्वारा मिलने वाले लाभों की जानकारी दी जाए?

अता0 193 श्री अनिल बाजपेयी श्रम

क्या माननीय उप–मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली की 70 विधानसभा क्षेत्रों में दिल्ली सरकार के श्रम विभाग द्वारा कुल कितने श्रमिक कार्ड बनाए गए है;

ख) कोरोना के दौरान कितने लोगों के एकाउंट में पैसे आए हैं; और

ग) उपरोक्त सभी का विधानसभावार पूर्ण विवरण दें?

अता0 194 श्री अखिलेश पति त्रिपाठी श्रम

क्या माननीय उप–मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) मॉडल टाऊन विधान सभा में अभी तक कितने लेबर कार्ड जारी किए गए हैं, उन सभी कार्ड होल्डरों के नाम, पता, लेबर कार्ड संख्या एवं मोबाइल नंबर सहित पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं;

ख) मॉडल टाऊन विधान सभा में 01.01.2015 से अब तक कितने लेबर लाइसेंस जारी किए गए, उनकी पूर्ण सूची उपलब्ध कराएं;

ग) मॉडल टाऊन विधान सभा में अभी तक ऐसे कितने लेबर कार्ड होल्डर हैं जिनको कोविड महामारी के दौरान 5000 रूपये की अनुदान राशि एक बार एवं कितने कार्डधारकों को दो बार सहायता राशि दी गयी, इन सबकी पूर्ण सूची उपलब्ध कराएं

घ) मॉडल टाऊन विधान सभा में लंबित तथा निरस्त किए गए लेबर कार्ड आवेदनों की उनके निरस्त किए जाने के कारणों सहित पूर्ण सूची उपलब्ध कराएं;

ड.) मॉडल टाऊन विधानसभा में 01.01.2015 से अब तक कितनी ऐसी दुकान/रेस्टोरेंट/बैंक्वेट हाल/नाइट क्लब इत्यादि जगहों पर कहां–कहां छापे मारे गए, जहां पर अवयस्क बच्चे काम करते हुए पाए गए, उनके मालिकों पर क्या कार्रवाई की गयी, पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाए; और

च) मॉडल टाऊन विधान सभा में ऐसे कितने अधिकारी/कर्मचारी विभाग द्वारा नियुक्त किए गए हैं जो दुकान/रेस्टोरेंट/बैंक्वेट हाल/नाइट क्लब इत्यादि जगहों के लाइसेंस की जांच, अवयस्क बच्चों की निगरानी इत्यादि कार्यों का निरीक्षण करते हैं, उन सभी की उनके नाम, पदनाम एवं मोबाइल नंबर सहित पूर्ण सूची उपलब्ध करायी जाए?

अता0 195 श्री ओम प्रकाश शर्मा श्रम

क्या माननीय उप–मुख्यमंत्री मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) श्रम विभाग में कुल कितने श्रम समझौता अधिकारी (Conciliation Officer) कार्यरत हैं;

ख) पिछले एक साल में किस–किस श्रम समझौता अधिकारी के पास कितनी–कितनी शिकायतें प्राप्त हुई और उनमें से कितनी–कितनी शिकायतों का समझौता करवाने में सफल रहे व कितनी शिकायतों को श्रम न्यायालय को रेफर किया गया;

ग) श्रम न्यायालय द्वारा जारी अवार्ड को लागू करवाने के लिए श्रम विभाग में कुल कितने अधिकारी हैं और किस–किस जिले में पदस्थापित हैं;

घ) पिछले एक साल में किस–किस अधिकारी के पास श्रम न्यायालय द्वारा जारी अवार्ड को पास करवाने के लिए कितने–कितने आवेदन प्राप्त हुए और उनमें से किस–किस अधिकारी ने कितने–कितने अवार्ड को लागू करवाने में सफलता प्राप्त की; और

ड.) ऐसे कितने अवार्ड हैं जो एक साल से अधिक समय गुजर जाने के बाद भी अभी तक लागू नहीं हो पाये हैं?

अता0 196 सुश्री भावना गौड़ ऊर्जा

क्या माननीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि मुख्यमंत्री स्ट्रीट लाईट योजना के अन्तर्गत प्रत्येक विधानसभा में स्ट्रीट लाईट लगाई जा रही है;

ख) यदि हाँ, तो पालम विधानसभा में कितनी स्ट्रीट लाईट लगी हैं;

ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं; और

घ) नई स्ट्रीट लाईट कब से लगनी शुरू होगी ?

अता0 197 सुश्री भावना गौड़ ऊर्जा

क्या माननीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) पालम विधानसभा के अब तक विभाग के पास कितने बिजली कनैक्शन के आवेदन लम्बित हैं, कारण सहित वरीयता क्रम में पूर्ण विवरण दें; और

ख) पालम विधानसभा क्षेत्र में बिजली विभाग के कुल कितने कनैक्शन दिए गए हैं, पूर्ण विवरण दें ?

अता0 198 सुश्री भावना गौड़ ऊर्जा

क्या माननीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) पालम विधानसभा में मार्च 2015 से अब तक कितने नये ट्रांसफार्मर लगाये गये हैं और कितने बदले गये स्थान सहित पूर्ण विवरण दें;

ख) मार्च 2015 से अब तक बी.एस.ई.एस. द्वारा कितना फंड किस काम में कहां किस–किस मद में खर्च किया गया है; पूर्ण विवरण दें;

ग) मार्च 2015 से अब तक कितने कर्मिशियल मीटर पालम विधानसभा के चारों वार्ड में लगाये गये हैं; वार्ड सहित पूर्ण विवरण दें;

घ) पालम विधानसभा में कितने ट्रांसफार्मर ओवरलोड थे, उन पर विभाग ने क्या कार्यवाही की; और

ङ) वर्ष 2022 की गर्मियों के लिए विभाग की क्या योजना है ?

अता0 199 श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी ऊर्जा

क्या माननीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) दिल्ली में बिजली कंपनियों द्वारा घरेलू बिजली कनेक्शनों तथा कमर्शियल बिजली कनेक्शनों में फिक्स्ड चार्ज के रूप में प्रतिमाह व प्रति किलोवाट कितनी–कितनी धन राशि ली जाती है; पूर्ण विवरण दें;

ख) क्या इन बिजली कंपनियों द्वारा खेती के लिए किसानों द्वारा लिए गए बिजली कनेक्शनों में भी फिक्स्ड चार्ज के रूप में धन राशि ली जाती है;

ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

घ) क्या इन बिजली कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों एवं अधिकारियों को उनके बिजली बिलों में किसी प्रकार की रियायत अथवा छूट दी जाती है;

ड.) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

च) क्या यह सत्य है कि रिटायर्ड बिजली कर्मचारियों एवं अधिकारियों को पेंशन देने के लिए आवश्यक धन राशि दिल्ली के बिजली उपभोक्ताओं से वसूली जाती है;

छ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

ज) दिल्ली में घरेलू एवं कमर्शियल बिजली कनेक्शनों की कम से कम तथा अधिक से अधिक वर्तममान बिजली दरों का ब्यौरा क्या है?

अता0 200 श्री प्रवीण कुमार ऊर्जा

क्या माननीय उर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या बिजली के मीटर एमसीडी की बुक्ड प्रापर्टी में लगाये जा सकते हैं;

ख) यदि हां, तो किस नियम के अनुसार, पूर्ण विवरण दें;

ग) जंगपुरा विधान सभा में कितने बिजली के मीटर एमसीडी द्वारा बुक्ड प्रापर्टी में लगे हैं एवं लगाने की योजना है, पूर्ण जानकारी दस्तावेजों सहित उपलब्ध कराएं; और

घ) बिजली विभाग द्वारा एमसीडी की बुक्ड प्रापर्टी का पता करने के लिए क्या नियम/प्रक्रिया है, पूर्ण विवरण दें?

अता0 201 श्री अभय वर्मा ऊर्जा

क्या माननीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) लक्ष्मीनगर विधानसभा में कुल कितने बिजली कनेक्शन चल रहे हैं;

ख) लक्ष्मीनगर विधानसभा में बिजली की चोरी/मीटर टैम्परिंग के कितने केस बनाए गए हैं और कितना हर्जाना वसूल किया गया है, विस्तृत जानकारी दें;

ग) क्या वर्ष 2020 और 2021 में बिजली वितरण कंपनी द्वारा बिजली सप्लाई के डेवलपमेंट के लिए किन–किन मदों में कितने रुपये खर्च किए गए, विस्तृत जानकारी दें;

घ) वर्ष 2022 में बिजली वितरण कंपनी द्वारा लक्ष्मीनगर विधानसभा में सुचारू रूप से बिजली सप्लाई को लेकर कौन–कौन सी योजनाएं बनाई गई है और इस कार्य हेतु कितना बजट प्रस्तावित है; और

ड़) लक्ष्मीनगर विधानसभा स्थित यमुना खादर में बिजली विभाग द्वारा कहां–कहां वैधानिक रूप से मीटर दिए गए हैं और किस नियम के तहत दिए गए हैं, विस्तृत जानकारी दें?

अता0 202 श्री मोहन सिंह बिष्ट ऊर्जा

क्या माननीय उर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या यह सत्य है कि गांवों की खेती की सिंचाई के लिए वर्षों वर्ष 11000 केवी की लाईनें खेती की सिंचाई के लिए जा रही हैं;

ख) यदि हां, तो क्या यह भी सत्य है कि अधिकतर गांवों की जमीनों को या तो सरकार ने अधिग्रहण कर लिया है या अनधिकृत कालोनियों के रूप में किसानों ने जमीनें बेच दी है;

ग) यदि हा, तो क्या यह भी सत्य है कि आज 11000 केवी की अधिकतर लाइनें जर्जर स्थिति में हैं;

घ) यदि हां, तो दिल्ली में कितने गांवों की जमीन के ऊपर जा रही हाईटेंशन की तारों को शिफ्ट करने के लिए विद्युत विभाग द्वारा कार्यवाही की गई है, पूर्ण विवरण दें;

ड) क्या यह भी सत्य है कि करावल नगर विधानसभा क्षेत्र के अधिकतर गांव जिनमें सभापुर, चौहान पट्टी, मिलन गार्डन और सोनिया विहार में गुजर रही लाईनें को शिफ्ट करने की फाइल आज तक उर्जा विभाग के पास लंबित पड़ी है;

च) इनके बजट को स्वीकृत न करने के कया कारण हैं; और

छ) इनका बजट कब तक दिया जाएगा?

अता0 203 श्री अखिलेश पति त्रिपाठी ऊर्जा

क्या माननीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) मॉडल टाउन विधान सभा में 01.01.2015 से अब तक नगर निगम विभाग के द्वारा विभाग को ऐसे कितने आवेदन, सर्कुलर, आदेश, शिकायती पत्र, नोटिस, सूचना आदि प्राप्त हुए हैं जिनमें विभाग के द्वारा गैर–अधिकृत भवनों के सम्बन्ध में ये सूचना दी गयी है कि उपरोक्त भवन अनाधिकृत रूप से बन रहा है एवं उसमें लगे ऊर्जा विभाग के बिजली के मीटर को तत्काल प्रभाव से हटाया जाना है, इसकी सूची उपलब्ध कराई जाये;

ख) उपरोक्त के सम्बन्ध में आवेदन, सर्कुलर, आदेश, शिकायती पत्र, नोटिस, सूचना विभाग को नगर निगम से मिली, कितने कनेक्शन काट दिये गये है एवं कितने काटे जाने बाकी हैं, उनको कब तक काट दिया जायेगा? पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाये;

ग) क्या यह भी सत्य है कि ऊर्जा विभाग के नियम के तहत अगर कोई मकान 300 गज या उससे ज्यादा है तो ऐसे मकान को ऊर्जा विभाग के द्वारा उस मकान के अन्दर अलग से ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाता है;

घ) यदि हॉ तो ऐसे कितने भवन हैं जहॉ पर 01.01.2015 से अब तक ऐसे ट्रांसफार्मर स्थापित करके कनेक्शन दिये गये हैं और ऐसे कितने ऐसे भवन हैं जहॉ पर बिना ट्रांसफार्मर लगाये कनेक्शन दिया गया है;

ड0) मॉडल टाउन विधान सभा में 01.01.2015 से अब तक विधायक कार्यालय अथवा अन्य किसी माध्यम से शिकायती पत्र प्राप्त हुए हैं और उन पर क्या–क्या कार्रवाई की गयी है, इसकी पूर्ण जानकारी उपलब्ध करायी जाये; और

च) माडल टाउन विधान सभा में बिजली के खम्भों पर लटकी हुई केबल टीवी0, इन्टरनेट और ब्राड बैंड्स की केबल्स की समस्या के समाधान हेतु सरकार की क्या योजना है, पूर्ण जानकारी उपलब्ध करायें?

अता0 204 श्रीमती राजकुमारी ढिल्लों उद्योग

क्या माननीय उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या हरि नगर विधान सभा क्षेत्र में स्थित मायायपुरी औद्योगिक क्षेत्र की जमीन (प्लाट) डीडीए द्वारा वैंक्वेट हॉल के निर्माण के लिए दी गयी है;

ख) यदि हॉ तो इन औद्योगिक जमीन (प्लाट) पर निर्माण किये जा रहे वैंक्वेट हॉल के निर्माण की अनुमति (सीएलयू) किस आधार पर दी गयी है;

ग) इस वैंक्वेट हॉल निर्माण के लिए नक्शा (मैप) किस विभाग द्वारा पास किया गया;

घ) क्या नक्शा (मैप) पास करते समय पार्किंग की सुविधा का ध्यान रखा गया;

ड) यदि हॉ तो वैंक्वेट हॉल द्वारा पार्किंग के लिए पीडब्लूडी रोड का इस्तेमाल किये जाने के क्या कारण हैं; और

च) इस क्षेत्र में पार्किंग की सुविधा न होने के कारण लगने वाले भयंकर जाम से निजात दिलाने हेतु विभाग द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं?

अता0 205 श्री शिव चरण गोयल उद्योग

क्या माननीय उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) क्या कीर्ति नगर इंडस्ट्रियल एरिया में छोटे–छोटे प्लॉट काट कर दुकानें/ऑफिस/शोरूम इत्यादि बनाने का कोई प्रावधान है;

ख) यदि हां, तो विस्तृत जानकारी दें; और

ग) कीर्ति नगर इंडस्ट्रियल एरिया में वर्तमान समय में कितने प्लॉट पर छोटे–छोटे प्लॉट काट कर बन रहे हैं, उनकी विस्तृत जानकारी दें?

अता0 206 श्री अनिल बाजपेयी उद्योग

क्या माननीय उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) वित्त वर्ष 2015 से लेककर आज तक दिल्ली सरकार द्वारा 70 विधान सभा क्षेत्रों में कितनी इंडस्ट्री लगाई गई है और वे कहां कहां चल रही है; विधान सभा वार पूर्ण विवरण दें; और

ख) दिल्ली सरकार द्वारा निकट भविष्य में कौन–कौन सी विधान सभा क्षेत्र में उद्योगों को लगाया जाएगा; यदि ऐसी कोई योजना है तो उसकी जानकारी उपलब्ध कराएं?

अता0 207 श्री मोहन सिंह बिष्ट उद्योग

क्या माननीय उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि उद्योगों की देखरेख तथा प्रदूषण के लिए दिल्ली सरकार द्वारा डीपीसीसी कमेटी का गठन किया गया था;

ख) यदि हां, तो इस कमेटी के अंदर कौन कौन से लोग हैं तथा उनका ओहदा क्या हैं;

ग) दिल्ली के अंदर कितने स्थानों पर आज उद्योग चल रहे हैं, उनकी संख्या बताएं;

घ) क्या यह भी सत्य है कि आज भी दिल्ली के अधिकतर विधान सभा क्षेत्रों में जींस की रंगाई की फैक्ट्रियां चल रही हैं; और

ड.) यदि हां, तो इनसे होने वाले प्रदूषण को खत्म करने के लिए डीपीसीसी कमेटी द्वारा क्या कार्रवाई की गयी, विधान सभावार बताने की कृपा करें?

अता. 208 श्री जय भगवान उद्योग

क्या माननीय उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या सरकार की बवाना विधानसभा के इंडस्ट्रियल एरिया की फैक्ट्रियों को फ्री होल्ड करने की कोई योजना है; और

ख) यदि हां, तो उसका पूर्ण विवरण दें?

अता0 209 श्रीमती राजकुमारी ढिल्लों महिला एवं बाल विकास

क्या माननीय महिला एवं बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली में प्राकृतिक या दुर्घटना में मौत के उपरान्त अनाथ हुये बच्चों के लिए सरकार की क्या–क्या योजनायें हैं;

ख) क्या नॉन कोविड केस में अनाथ हुये बच्चों के लिए किसी प्रकार की आर्थिक मदद (पेंशन) की सुविधा है;

ग) यदि हाँ; तो इसका विवरण दें; और

घ) यदि नहीं, तो क्या सरकार इस बारे में कोई योजना बना रही है ?

अता0 210 श्री सुरेन्द्र कुमार महिला एवं बाल विकास

क्या माननीय महिला एवं बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) वर्तमान में गोकलपुर विधानसभा क्षेत्र में कितने लोगों को विधवा पेंशन दी जा रही है; पूर्ण विवरण दें;

ख) फरवरी, 2020 से फरवरी, 2022 के बीच में क्षेत्र में कितने लोगों की विधवा व तलाकशुदा पैंशन शुरू की गई; पूर्ण विवरण दें; और

ग) फरवरी, 2020 से अभी तक कितने बाल मजदूरों को मुक्त कराया गया तथा उनमें से कितनों को पुर्नवास किया गया; नाम, फोन नम्बर पते सहित ब्यौरा दें ?

अता0 211 श्री सोमनाथ भारती महिला एवं बाल विकास

क्या माननीय महिला एवं बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) एसी–43 में लाडली योजना में आवेदकों की सूची, प्रदान करें;

ख) एसी–43 में लाडली योजना के लाभार्थियों की सूची, प्रदान करें ;

ग) एसी–43 में संकटग्रस्त महिलाओं की ओर से पुत्री के विवाह हेतु वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए प्राप्त आवेदनों की सूची प्रदान करें;

घ) एसी–43 में संकटग्रस्त महिलाओं के लिए योजना के अंतर्गत विधवा पेंशन की लाभार्थी महिलाओं की सूची प्रदान करें; और

ङ) पति की मृत्यु के बाद वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए मृत्यु के एक वर्ष की अवधि के अंदर आवेदन करना होता है, जो महिलाएँ किसी कारणवश एक वर्ष की अवधि में आवेदन नहीं कर सकीं, उनके आवेदन स्वीकार करने के लिए कया कोई प्रस्ताव है?

अता0 212 श्री जितेन्द्र महाजन महिला एवं बाल विकास

क्या माननीय महिला एवं बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) पिछले 6 महीनों में दिल्ली सरकार द्वारा कितने आंगनवाड़ी वर्कर को सैलरी प्रदान की गई और उनके आंदोलन को देखते हुए सरकार ने उनका मानदेय बढ़ाने हेतु क्या कदम उठाए;

ख) आंगनवाड़ी वर्करों की पेंशन तथा ईपीएफ इत्यादि समेत किन किन मांगों पर सरकार विचार कर रही है;

ग) आगंनवाड़ी वर्करों की भर्ती की प्रक्रिया क्या है;

घ) रोहतास नगर विधानसभा में चलने वाली आंगनवाड़ी केंद्रों की सूची प्रदन करें तथा यह किन नियमों के तहत खोली गई है; और

ड) नया आंगनवाड़ी केंद्र खोलने की क्या प्रक्रिया है?

अता0 213 श्री अभय वर्मा महिला एवं बाल विकास

क्या माननीय महिला एवं बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) लक्ष्मी नगर विधान सभा क्षेत्र में कुल कितने आंगनवाड़ी संस्थायें चल रही है, सभी का पता व प्रभारी के नाम व मोबाईल नम्बर उपलब्ध करायें;

ख) लक्ष्मी नगर विधान सभा क्षेत्र में कुल कितनी ऑगनवाड़ी सेविकायें कार्य कर रही है, उन सभी का नाम व मोबाइल नम्बर उपलब्ध करवायें;

ग) लक्षमी नगर विधान सभा क्षेत्र में महिला एवं बाल कल्याण विभाग द्वारा 1 अप्रैल, 2020 से 15 मार्च 2022 तक कुल कितनी महिलाओं को विधवा पेंशन दी गयी है, नाम, घर के पते और मोबाइल नम्बर के साथ सूची उपलब्ध करायें;

घ) महिला एवं बाल कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए कौन–कौन सी कल्याणकारी योजनायें चलायी जा रही है, उन योजनाओं में 1 अप्रैल, 2020 से 15 मार्च, 2022 तक लक्ष्मी नगर विधान सभा क्षेत्र के लाभार्थी के नाम, घर के पते और मोबाइल नम्बर के साथ सूची उपलब्ध करायें, और

ड) लक्ष्मी नगर विधान सभा क्षेत्र में कुल कितनी महिलाओं को विधवा पेंशन दी जा रही है और उनके सत्यापन की क्या पकिया है?

अता0 214 श्रीमती प्रमिला धीरज टोकस महिला एवं बाल विकास

क्या माननीय महिला एवं बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) ई–डिस्ट्रिक्ट व 1076 के माध्यम से प्राप्त हुए विधवा पेंशन से संबधित आवेदनों का विधानसभावार विवरण दें;

ख) उपरोक्त आवेदनों में कितने आवेदन लंबित हैं 1076 एवं ई–डिस्ट्रिक्ट के तहत लम्बित आवेदनों का अलग–अलग विधानसभावार विवरण दें;

ग) आवेदन लंबित होने के क्या कारण हैं; और

घ) उन पर कब तक कार्यवाही कर ली जाएगी, पूर्ण विवरण दें?

अता0 215 श्री जरनैल सिंह अनु0जा0 / ज0जा0 / ओबीसी एंव अल्पसंख्यक

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) अल्पसंख्यक विभाग को अल्पसंख्यक समुदाय द्वारा वर्ष 2018–19, 2019–20 व 2020–21 में ट्यूशन फीस वापसी के लिए कुल कितने आवेदन प्राप्त हुए, वर्षवार विस्तृत विवरण दिया जाए;

ख) विभाग द्वारा इनमें से कितने आवेदकों को ट्यूशन फीस वापसी दी गई;

ग) बचे हुए आवेदकों को ट्यूशन फीस वापिस ना मिलने के क्या–क्या कारण है उनका विवरण दिया जाए;

घ) नियमानुसार आवेदन की सभी शर्तें पूरी करने के कितने समय के अंदर विभाग द्वारा फीस वापस मिल जानी चाहिए;

ड़) फीस वापस ना मिलने के मुख्य कारण क्या है, पूर्ण विवरण दिया जाए;

च) इस विलम्ब के लिए जिम्मेवार अधिकारियों का उन पर की जाने वाली कार्रवाई सहित विवरण दिया जाए; और

छ) क्या जिन आवेदकों को फीस वापस की गई है उनको बताए गए निर्धारित समय के अंदर फीस वापसी योजना का लाभ मिला है?

अता0 216 श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी अनु0जा0 / ज0जा0 / ओबीसी एंव अल्पसंख्यक

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र–छात्राओं को स्कॉलरशिप एवं निःशुल्क कोचिंग देने आदि के कल्याण कार्यों हेतु समाज कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं के लिए वित्तीय वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 के बजट में श्रेणीवार कितनी–कितनी धन राशि का प्रावधान किया गया था;

ख) इन धनराशियों में से वित्तीय वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 में अलग–अलग वर्गों में कितनी–कितनी धनराशि खर्च की गई और कितने–कितने छात्र–छात्राओं को इन योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया; और

ग) उसका पूरा ब्यौरा क्या है?

अता0 217.   श्री जितेन्द्र महाजन   अनु0जा0 / ज0जा0 / ओबीसी एंव अल्पसंख्यक

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) एससी, एसटी, ओबीसी, माइनॉरिटीज के लिए कौन–कौन सी सुविधा दिल्ली सरकार तथा भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही है; और

ख) अब तक इन योजनाओं के अंतर्गत कितने लोगों ने आवेदन किया तथा कितने लोगों को इसका लाभ दिया जा रहा है, पूर्ण जानकारी उपलब्ध करायें?

अता0 218   श्री अजय महावर   अनु0जा0 / ज0जा0 / ओबीसी एंव अल्पसंख्यक

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली में अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड के अंतर्गत कौन–कौन से धर्म एवं जाति के लोग आते हैं;

ख) अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए क्या–क्या योजनायें चलाई जा रही हैं और इन योजनाओं पर कितना बजट रखा गया है; पूर्ण विवरण दें; और

ग) अब तक इस बजट की कितनी धनराशि खर्च की गई और कितनी शेष बची है; पूर्ण विवरण दें ?

अता0 219   श्री मोहन सिंह बिष्ट   अनु0जा0 / ज0जा0 / ओबीसी एंव अल्पसंख्यक

क्या माननीय समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या यह सत्य है कि दिल्ली के अंतर्गत अधिकतर गांवों में हरिजन बस्तियां हैं;

ख) यदि हां, तो किन किन गांवों में हैं, इनका विवरण दें;

ग) क्या यह भी सत्य है कि गांवों को छोड़कर अनेक कालोनियों में अनुसूचित जाति और अनूसूचित जनजाति के लोग रहते हैं;

घ) यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा इन लोगों के विकास कार्य करने के लिए सेन्सस द्वारा ई.बी.रेखांकित किए गए हैं; और

ड) यदि हां तो करावल नगर विधानसभा के किन किन क्षेत्रों के अंतर्गत अनुसूचित जाति के लोग हैं और उनका ई.बी. नंबर क्या है, कालोनीवार बताने की कृपा करें?

अता0 220 श्री अजय महावर केंद्रीय कारागार

क्या माननीय गृहमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क) दिल्ली में कुल कितनी जेल आती है और वे कहां–कहां पर स्थित है;

ख) इन जेलों में कुल कैदियों की कितनी संख्या है;

ग) एक जेल में कितने कैदी रखने की क्षमता है, अलग–अलग जेलवार विवरण उपलब्ध कराया जाए; और

घ) वर्तमान में एक जेल में कितने कैदी है, अलग–अलग जेलवार विवरण उपलब्ध कराया जाए?

अता0 221 श्री भूपिंदर सिंह जून गृह

क्या माननीय गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

क) क्या अग्नि सुरक्षा उपायों की दृष्टि से सरकारी भवनों, अस्पतालों व अन्य वाणिज्यिक परिसरों का तृतीय पा़र्टी ऑडिट शुरू करने का कोई प्रस्ताव है;

ख) क्या अग्नि संबंधी दुर्घटनाओं से बचाव हेतु मुंबई, महाराष्ट्र और गुजरात की भाँति शहर के भीड़भाड़ वाले बाज़ारों, बैंक्वेट हॉल आदि में फायर टेंडर्स लगाने का कोई प्रस्ताव है;

ग) क्या दिल्ली में सभी रेस्तराओं, होटलों और अन्य व्यावसायिक भवनों के लिए अग्नि निकासी प्रमाणपत्र प्राप्त करना अनिवार्य है ; और

घ) क्या सेक्टर 8, द्वारका, नई दिल्ली में दिनांक 15.08.2021 को हुई अग्नि–दुर्घटना के लिए, जिसमें दो व्यक्तियों की मृत्यु हो गई थी और अनेक व्यक्ति घायल हो गए थे, किसी विभाग, अधिकारी अथवा कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया गया था?

अता0 222 श्री जय भगवान फूड सेफ्टी

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) बवाना विधानसभा में बिना लाइसेंस वाली दुकानों व कारोबारियों के खिलाफ फूड सेफ्टी विभाग द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

ख) बवाना विधानसभा में कितने दुकानदारों के पास फूड सेफ्टी लाइसेंस है; और

ग) फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट में क्या–क्या चीजें आती है?

अता0 223 श्री मुकेश अहलावत सामान्य प्रशासन विभाग

क्या माननीय सामान्य प्रशासन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा 26 जनवरी, 2022 को की गई घोषणा के अनुसार दिल्ली में स्थित डीडीए, एमसीडी, दिल्ली पुलिस सहित सभी सरकारी कार्यालयों में डॉ बी.आर. अम्बेडकर और शहीद भगत सिंह के चित्र लगाये जाने थे; और

ख) यदि हां, तो किन–किन सरकारी कार्यालयों ने इस आदेश का पालन किया है नाम, पते सहित पूर्ण विवरण दें?

अता0 224.    श्रीमती प्रमिला धीरज टोकस    सेवाएं

क्या माननीय उप–मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क)    दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों में कब से और कितने स्वीकृत पद रिक्त है;

ख)    इन स्वीकृत पदों के रिक्त रहने के क्या कारण हैं; और

ग)    ये रिक्त पद कब तक भर दिए जाएंगे?

अता0 225    श्री विजेन्द्र गुप्ता    सेवाएं

क्या माननीय उप–मुख्यमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

क)    इस समय दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों में प्रधान निजी सचिव तथा निजी सचिव के कुल कितने पद रिक्त हैं;

ख)    यदि रिक्त पड़े प्रधान निजी सचिव के पदों को निजी सचिव को पदोन्नत करके भर दिये जायें, तो दिल्ली सरकार के अंतर्गत निजी सचिव के कुल कितने पद रिक्त हो जायेंगे;

ग)    निजी सचिव को पदोन्नत करके प्रधान निजी सचिव के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया किस चरण में हैं;

घ)    बड़ी संख्या में निजी सचिव के पद रिक्त होने के बावजूद निजी सहायक को पदोन्नत करने की प्रक्रिया शुरु न किये जाने के क्या कारण हैं; और

ड.)    निजी सहायक को पदोन्नत करने की प्रक्रिया कब तक शुरु की जायेगी?

**राज कुमार**

**सचिव**

अता0 223 श्री मुकेश अहलावत सामान्य प्रशासन विभाग

क्या माननीय सामान्य प्रशासन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

क) क्या यह सत्य है कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा 26 जनवरी, 2022 को की गई घोषणा के अनुसार दिल्ली में स्थित डीडीए, एमसीडी, दिल्ली पुलिस सहित सभी सरकारी कार्यालयों में डॉ बी.आर. अम्बेडकर और शहीद भगत सिंह के चित्र लगाये जाने थे; और

ख) यदि हां, तो किन–किन सरकारी कार्यालयों ने इस आदेश का पालन किया है नाम, पते सहित पूर्ण विवरण दें?